CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 273 | राजनांदगांव, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# सिर्फ 37 घंटे चर्चा, एक महीने में 12 बिल पास... हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र इस बार विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच टकराव और हंगामे की भेंट चढ़ गया। जुलाई के अंतिम सप्ताह से लेकर अगस्त के तीसरे सप्ताह तक चले इस सत्र से उम्मीद थी कि दोनों सदनों में कई अहम मुद्दों पर गंभीर विमर्श होगा, मगर नतीजा निराशाजनक रहा।



120 घंटे की निर्धारित कार्यसूची में लोकसभा मुश्किल से 37 घंटे ही चल सकी, जबकि राज्यसभा में भी महज 38.88 प्रतिशत ही कामकाज हो पाया। बाकी सारे समय नारेबाजी, सदन में तख्तियां लहराना, विधेयकों की प्रतियां फाड़ना और लगातार व्यवधान के लिए ही यह सत्र जाना जाएगा। कुछ विधेयक जरूर पारित हुए लेकिन चर्चा नहीं हो सकी। चर्चा केवल ऑपरेशन सिंदूर पर हुई जो गरमागर्म रही। जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण माहौल गर्म रहा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के समापन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए साफ कहा कि सदन की गरिमा के अनुरूप जो भाषा और आचरण अपेक्षित है, वह इस बार दिखाई नहीं दिया। उन्होंने याद दिलाया कि पूरे देश की नजर सांसदों के आचरण पर होती है और जनता की उम्मीद रहती है कि जनप्रतिनिधि उनके मुद्दों पर गंभीर बहस करेंगे। परंतु विपक्षी सदस्यों द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर लगातार हंगामे ने कार्यवाही को लगभग ठप कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि इस प्रक्रिया में मतदाताओं के अधिकारों से छेड़छाड़ की गई है और इसी विषय पर चर्चा की मांग ने पूरे सत्र को जकड़कर रख दिया। दोनों सदनों में समापन के वक्त यह स्वीकार किया गया कि बहुमूल्य समय नष्ट हुआ और जनता की अपेक्षाएं अधूरी रह गईं। ओम बिरला और हरिवंश ने सांसदों से आत्ममंथन करने एवं भविष्य में ऐसी परिस्थितियां नहीं बनने देने की अपील की, क्योंकि इससे लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था की गरिमा आहत होती है। उन्होंने जोर दिया कि असहमति लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु इसे गरिमा और मर्यादा के साथ व्यक्त किया जाना चाहिए। राज्यसभा में भी तस्वीर लगभग वैसी ही रही। उपसभापति हरिवंश ने सत्र की उत्पादकता मात्र 38.88 प्रतिशत रहने पर गहरी निराशा जताई और इसे आत्ममंथन का विषय बताया। पूरे सत्र में सदन ने केवल 41 घंटे 15 मिनट ही काम किया। प्रश्नकाल और शून्यकाल बुरी तरह प्रभावित रहे। कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक विषय चर्चा से बाहर रह गए। सत्र का समापन भले ही औपचारिक धन्यवाद ज्ञापनों और त्योहारों की शुभकामनाओं के साथ हुआ, लेकिन पीछे छूट गया वह गूंज, जिसमें संसद की गरिमा के क्षरण की गहरी चिंता दर्ज है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उपराष्ट्रपति पद के लिए बी सुदर्शन रेड्डी ने किया नामांकन

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए नामांकन का दौर जारी है. विपक्षी दलों (इंडिया ब्लॉक) के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने आज गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. उन्होंने अब से कुछ देर पहले ही नामांकन किया.



इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत तमाम विपक्षी दलों के नेता उपस्थित रहे. वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कैंडीडेट और महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया था.

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन के बाद जोर देकर कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि उस भारत के विचार की पुष्टि करता है जहां संसद ईमानदारी से काम करे, असहमति का सम्मान हो और संस्थाएँ स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करें. वहीं, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने संकल्प लिया कि अगर वे निर्वाचित होते हैं, तो उपराष्ट्रपति पद की भूमिका निष्पक्षता, गरिमा और संवाद व शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे. रेड्डी ने एक बयान में कहा कि आज, मुझे विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सम्मान मिला. मैंने यह काम विनम्रता, ज़िम्मेदारी और हमारे संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ किया. उन्होंने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधि के छात्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## टैरिफ पर ड्रैगन ने सुनाई चिप्स की कहानी, चीनी राजदूत बोले- भारत-चीन एशिया में डबल इंजन वाले देश

नई दिल्ली। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने गुरुवार को अमेरिका पर धौंस जमाने वाला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उसकी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका को हमेशा फ्री ट्रेड से लाभ हुआ है, लेकिन अब वह टैरिफ को सौदेबाजी के हथकंडे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा, और इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश एशिया में आर्थिक विकास के डबल इंजन हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार से बहुत लाभान्वित रहा है, लेकिन अब वह विभिन्न देशों से अत्यधिक कीमतें वसूलने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल सौदेबाजी के तौर पर कर रहा है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है और इससे भी अधिक टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है। ऐसे कृत्यों के सामने चुप्पी केवल धौंस जमाने वालों को बढ़ावा देती है। चीन विश्व व्यापार के साथ बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने के लिए भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

## हमले के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सुरक्षा में बदलाव, जनसुनवाई में अब होगी नई व्यवस्था

नईदिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के बाद उनकी सुरक्षा में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री गुप्ता को ज़ेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, लेकिन उनके सिविल लाइंस स्थित कैंप कार्यालय (जनसेवा सदन) में दिल्ली पुलिस के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी सुरक्षा संभालेंगे। प्रत्येक सप्ताह बुधवार को होने वाली जनसुनवाई में भी नई सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। अब मुख्यमंत्री गुप्ता के पास पहुंचना आसान नहीं होगा।



नई व्यवस्था के तहत आवास पर सीआरपीएफ के जवान तैनात रहेंगे। बुधवार को सुबह 8 से 10 बजे तक होने वाली जनसुनवाई में आने शिकायतकर्ताओं की शिकायत की जांच की जाएगी। शिकायतकर्ता के प्रोफाइल की जांच होगी और शिकायत पहले ही ले ली जाएगी। मुख्यमंत्री और शिकायतकर्ता के बीच दूरी रहेगी और कोई सीधे उनके संपर्क में नहीं आएगा। शिकायतकर्ता की भी अच्छे से जांच की जाएगी। उसे कोई भी सामान ले जाने की मनाही होगी। बुधवार को जनसुनवाई के दौरान गुजरात के राजकोट के रहने वाले राजेशभाई खिमजीभाई सकारिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम रेखा गुप्ता पर हमले के बाद हटाए गए पुलिस कमिश्नर, आईपीएस सतीश गोलचा होंगे नए सीपी

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हुए अटैक के बाद दिल्ली पुलिस में बड़ा बदलाव हुआ है। सतीश गोलचा को नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे एसबीके सिंह को इस पद से फिलहाल हटा दिया गया है। सतीश गोलचा वर्तमान में दिल्ली में जेल निदेशक के पद पर तैनात हैं। इससे पहले डीजी होमगार्ड्स एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। बता दें, 1992 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सरकारें राज्यपाल की मर्जी से नहीं चलतीं: विधानसभा से पारित बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (21 अगस्त 2025) को राज्यपाल की शक्तियों की व्याख्या करते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा, निर्वाचित सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर नहीं चल सकतीं। राज्य विधानसभा से पास होकर कोई बिल अगर दूसरी बार राज्यपाल के पास आता है तो उसे न तो वह रोक सकते हैं और न ही राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।



राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा सदन से पारित बिल की मंजूरी रोकने के मामले में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ में बुधवार को इसमें जोरदार बहस हुई। जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी. एस. नरसिम्हा और ए. एस. चंदुरकर ने सुनवाई की। संविधान में वर्णित अनुच्छेद 200 के अनुसार, विधानसभा से कोई बिल पास होकर जब राज्यपाल के पास भेजा जाता है तो उनके पास चार विकल्प होते हैं। वे या तो बिल को मंजूरी दे दें। या फिर मंजूरी देने की बजाय उसे राष्ट्रपति के पास भेज दें अथवा विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटा दें। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्यपाल एक बार तो पुर्नविचार के लिए बिल वापस कर सकते हैं, लेकिन विधानसभा उसमें पुनर्विचार कर बिल जब दोबारा उनके पास भेजती है तो राज्यपाल को को मंजूरी देनी ही होगी। सीजेआई भूषण गवई ने कहा कि अगर राज्यपाल बिना कारण यदि किसी बिल की मंजूरी रोकते हैं तो यह लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने वाला कदम होगा। चुनी हुई (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## शराब घोटाला: कोर्ट में पेश नहीं हुए 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ जारी हुआ जमानती वारंट

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ रायपुर स्पेशल कोर्ट ने कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के लिए जमानती वारंट जारी किया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए बड़े शराब घोटाले में बुधवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कोर्ट 4 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। 3200 करोड़ रुपए के छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी की स्पेशल कोर्ट में उपस्थित होना था, लेकिन अधिकारी पेश नहीं हुए। अगली सुनवाई में अधिकारी नहीं पेश हुए तो कोर्ट उनके खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी करेगी।




गौरतलब है प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अनुमानित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में करीब 3200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था। घोटाले में 29 आबकारी अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। मामले में आरोपी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल पर करीब 1000 करोड़ रुपए को चैनलाइज करने का आरोप लगा है।

### 23 सितंबर को सुनवाई

रिपोर्ट के मुताबिक शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी की स्पेशल कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट ने सभी के खिलाफजमानती वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। अगर अधिकारी 23 सितंबर को भी कोर्ट में पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी होगा।

### अफसर, नेता और कारोबारी शामिल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में साल 2019 से 2022 के बीच हुए बड़े शराब घोटाले की जांच में सामने आया है कि राज्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिकी टैरिफ के बीच जयशंकर का रूस को न्योता, कहा, भारत के साथ व्यापार बढ़ाएं

वाशिंगटन। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बावजूद भारत ने झुकने से इनकार कर दिया है। इस बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने रूसी कंपनियों से भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और मेक इन इंडिया जैसी पहलों का लाभ उठाने की अपील की। जयशंकर ने कहा कि भारत के शहरीकरण और विकास से पैदा हो रही नई मांग रूसी कारोबारियों के लिए बड़ा अवसर है।



जयशंकर ने कहा, 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी और 7 प्रतिशत की वृद्धि दर वाला भारत भरोसेमंद स्त्रोतों से संसाधनों की जरूरत महसूस करता है। उर्वरक, रसायन और मशीनरी जैसे क्षेत्रों में रूस की आपूर्ति भारत के लिए उपयोगी हो सकती है। तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स रूसी कंपनियों के लिए बड़े कारोबारी अवसर हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि *मेक इन इंडिया* और अन्य पहलें विदेशी निवेशकों के लिए नए रास्ते खोल रही हैं। उपभोग और जीवनशैली में बदलाव भी रूसी कंपनियों को भारतीय बाजार से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

भारत-रूस संबंधों पर जोर

जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते दुनिया में सबसे स्थिर माने जाते हैं। हालांकि, आर्थिक सहयोग उस स्तर तक नहीं पहुंचा है। हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ा है, लेकिन व्यापार घाटा भी बढ़ा है।

विदेश मंत्री ने कहा, अब हमें व्यापार को और विविध तथा संतुलित बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। यह न केवल उच्च लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, बल्कि मौजूदा स्तर को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

## युद्ध के दौरान मारे गए 383 सहायताकर्मी, गाजा में बड़ी तबाही



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 2024 में वैश्विक हॉटस्पॉट में रिकॉर्ड 383 सहायता कर्मी मारे गए, जिनमें से आधे अकेले गाजा में मारे गए. संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय ने मंगलवार को उन हज़ारों लोगों के सम्मान में आयोजित वार्षिक दिवस पर कहा कि 2024 में वैश्विक हॉटस्पॉट में रिकॉर्ड 383 सहायता कर्मी मारे गए. इनमें से लगभग आधे इजराइल और हमास के बीच युद्ध के दौरान गाजा में मारे गए.

संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता प्रमुख टॉम फ्लेचर ने कहा कि रिकॉर्ड संख्या में हत्याएं, संघर्ष में फंसे नागरिकों और उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे सभी लोगों की सुरक्षा के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए.

फ्लेचर ने विश्व मानवता दिवस पर एक बयान में कहा, इस पैमाने पर, बिना किसी जवाबदेही के, हमले अंतरराष्ट्रीय निष्क्रियता और उदासीनता का शर्मनाक उदाहरण हैं. उन्होंने आगे कहा, मानवतावादी समुदाय के रूप में, हम एक बार फिर मांग करते हैं कि सत्ता और प्रभाव रखने वाले लोग मानवता के लिए काम करें, नागरिकों और सहायताकर्मियों की रक्षा करें और अपराधियों को जवाबदेह ठहराएं. गौर करें तो सहायता कर्मी सुरक्षा डेटाबेस साल 1997 से रिपोर्टें संकलित करता आ रहा है. उसके अनुसार, हत्याओं की संख्या 2023 में 293 से बढ़कर 2024 में 383 हो गई. इनमें गाजा में 180 से ज़्यादा मौतें शामिल हैं. संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, मारे गए ज़्यादातर सहायता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल जापान एवं दक्षिण कोरिया के दौरे पर

रायपुर। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन, भारत सरकार के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज जापान और दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना है। टोक्यो (22-24 अगस्त) में प्रतिनिधिमंडल जापानी उद्योगपतियों, व्यापार संघों और निवेशकों के साथ इन्वेस्टर कनेक्ट सेशंस एवं व्यावसायिक बैठकों में भाग लेगा। इसके बाद ओसाका (25-26 अगस्त) में मुख्यमंत्री श्री साय वर्ल्ड एक्सपो 2025 में शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ में निवेश अवसरों पर विभिन्न हितधारकों से चर्चा करेंगे।



दौरे का अंतिम चरण सियोल (27-29 अगस्त) में होगा, जहाँ निवेशक गोलमेज बैठकों, कोरिया की शीर्ष कंपनियों और व्यापार संघों से मुलाकात तथा सेक्टर-विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे।

### वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ पर फोकस

ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारत मंडपम अंतर्गत छत्तीसगढ़ पवेलियन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत, नवाचार की संस्कृति और उभरते भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों को वैश्विक दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पवेलियन को राज्य की अनूठी पहचान को दर्शाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। इसमें औद्योगिक विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे प्रमुख फोकस क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शनी पूरी दुनिया के लिए छत्तीसगढ़ के परिवर्तन और भविष्य की आकांक्षाओं की झलक प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान और कोरिया के उद्योगपतियों, व्यापार संघों और वैश्विक निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे, जिसका उद्देश्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

## पहला कॉलम...

### चिखली में रामनाम सप्ताह 24 को

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चिखली वार्ड नं.05 ठाकुर देव चौक में पोला पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 23 एवं 24 अगस्त 2025 को रामनाम सप्ताह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रवेश निःशुल्क एवं प्रथम 4001 रू. से नवम् 301 रू. तथा विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी समिति के भुनेश्वर साहू एवं रूपेश ने दिया तथा प्रतिभागी मंडली एवं दर्शकों से आयोजन को सफल बनाने सहयोग प्रदान करने की अपील की है। संपर्क सूत्र 7587140432, 8827187294

### वैष्णव महासभा की बैठक 24 को

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आगामी 24 अगस्त को दोपहर एक बजे से दीनदयाल नगर चिखली में रखी गई है। सामाजिक भवन में आयोजित इस सभा में प्रदेश से लेकर स्थानीय स्तर तक के पदाधिकारी-कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में संगठन के विस्तार, मंडल स्तर की गतिविधियों पर विचार कर निर्णय भी लिए जा सकेंगे। आगामी दिनों में सम्मेलन रखने पर भी विचार किया जाएगा।

### वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खाडेकर बने लोक अभियोजक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन विधि और विधाई कार्य विभाग रायपुर द्वारा राजनांदगांव जिला न्यायालय में शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खांडेकर की नियुक्ति की गई है ज्ञात हो पूर्व में नियुक्त राकेश मिश्रा का कार्यकाल पूर्ण होने पर उक्त पद रिक्त हो गया था जिस पर अधिवक्ता राजेश खांडेकर की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन विधि विभाग द्वारा किया गया की गई अधिवक्ता राजेश खांडेकर पूर्व में अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक के पद पर पदस्थ थे।

### याशिका पटेल का एमबीबीएस में चयन



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव वार्ड न.1 निवासी प्रदीप कुमार पटेल की पुत्री यशिका पटेल का नीट एक्जाम पहली बार में पास कर जवाहरलाल नेहरू शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में एमबीबीस में चयन हुआ है। याशिका प्रारंभ से मेधावी छात्रा रही है, वाईडनयर स्कूल से सीबीएसई से पढ़ाई कर 10वी में 95 प्रतिशत, 12वीं में 96.2 प्रतिशत लाई है। भिलाई में कोचिंग कर और अपनी मेहनत से एक ही बार में ही नीट परीक्षा पास कर शहर और जिले का नाम रोशन किया है। इसका श्रेय वह भिलाई के टीचर स्कूल के टीचर एवं माता-पिता के आशीर्वाद एवं अपनी मेहनत को देती है।

### दिगम्बर शांडिल्य को चौथी बार JOTC अवार्ड



राजनांदगांव (दावा)। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के लाइफ मित्रा (इंश्योरेंस एडवाइजर) दिगम्बर शांडिल्य, ब्रांच-राजनांदगांव को वियतनाम के 'हो ची मिन्ह' शहर में आयोजित सम्मान समारोह में चौथी बार प्रतिष्ठित JOTC अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह उनकी चौथी व्यवसायिक/प्रशिक्षण विदेश यात्रा भी रही। श्री शांडिल्य इसके पूर्व दुबई, थाईलैंड व मलेशिया में सम्मानित हो चुके हैं। सम्मान समारोह में कंपनी के उच्चाधिकारी मौजूद रहे, वहीं विशेष रूप में क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपनी उपस्थिति देकर पुरस्कार प्राप्त करने वाले लाईफ मित्रा का उत्साहवर्धन किया। सम्मान प्राप्त करने पर दिगम्बर शांडिल्य ने कहा कि ग्राहकों, मार्गदर्शकों और शुभचिंतकों के सहयोग से संभव हुई है, उन्होंने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। ग्राहकों, शुभचिंतकों सहित CG-3 के D4. RM शैलेश श्रीवास्तव, DSM धर्मेंद्र तिवारी और मैनेजर जी.एल. साहू ने बधाई दी है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नरेश अग्रहरि का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बसंतपुर निवासी नरेश अग्रहरि पिता स्व. मेवालाल अग्रहरि का बुधवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। श्री अग्रहरि अपने पीछे पुत्र शिवा अग्रहरि सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।





श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 22 से रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी भाषा में
मोही डारे 2
कला : करण खान, शालिनी, जीत शर्मा, क्रांति दीक्षित



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# बाजार में बिकने आए मिट्टी के रंग बिरंगे मिट्टी के बैल, पोरा-जांता की बढ़ी मांग

## पोला पर्व की जोरदार हो रही तैयारियां, सजने लगे सरपट दौड़ने वाले बैल



राजनांदगांव (दावा)। भादों मास की अमावस्या तिथि को पूरे अंचल भर में पोला का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। गांव-देहात से लेकर शहर तक इसकी जोरदार तैयारियां होने लगीं है। पर्व को देखते हुए आसपास के गांवों में बड़ी मात्रा में मिट्टी व लकड़ी के बने रंग-बिरंगे नांदिया बैल व पोरा-जांता बाजार में बिकने आ गए है। जिसकी लिवाली भी जमकर हो रही है। लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों के लिए नंदी बैल व पोरा-जांता खरीद रहे हैं। शहर में पोला के नंदी बैल व मिट्टी से बने पोरा-जांता को लेकर शहर के जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी क्षेत्र, गोल बाजार रोड, गंज चौक, हाट बाजार, नंदई चौक आदि क्षेत्रों में दुकानें सजी हुई है। जहां ग्राहकों की अच्छी लिवाली बनी हुई है।

जयस्तंभ चौक में मिट्टी से बने पोरा-जांता की दुकान लगाए एक महिला व्यवसायी ने बताया कि लकड़ी से बने रंगीन बैल 70 रुपए नग व मिट्टी से बने नंदी बैल 40 रूपये से लेकर 50 रुपए नग में बेचा जा रहा है। इसी तरह मिट्टी से बने पोरा-जांता 25 से 30 रुपए में बेचे जाने की बात बताई। बता दें कि लकड़ी अथवा मिट्टी में बने नंदी बैल को पहले घरों में तिलक लगाकर व हूम-धूप देते हुए मीठे पकवान चढ़ा कर पूजा की जाती है और बाद में उसे खेलने के लिए बच्चों को दे दिया जाता है। जिसमें बच्चों द्वारा रस्सी बांधकर दौड़ाया जाता है, वहीं मिट्टी से बने पोरा-जांता को लड़कियों को खेलने के लिए दिया जाता है। लड़कियां इससे कैसे खाना पकाया जाता है। कैसे घर गृहस्थी संभाली जाती है। सगा-पताना खेल खेलते हुए यह सब सीख जाती है। बच्चों को इस खेल में काफी रस मिलता है।

### भगवान शिव की सवारी नंदी बैल

बताते चलें कि हमारे कृषि प्रधान देश में किसानी कार्य के लिए बैलों की सबसे ज्यादा उपयोगिता है। जांगरतोड़ किसानी कार्य मे किसानों का साथ देने वाले बैलों के प्रति इस दिन कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए इसकी पूजा की जाती है। बैलों के सुबह से ही नहला-धुलाकर सजाया-संवारा जाता है। इससे यह बिल्कुल भगवान शिव की सवारी नंदी बैल की तरह दिखने लगता है। हमारे देश में कृषि संस्कृति व ऋषि संस्कृति का अविनाभाव संबंध होने के चलते प्रत्येक लोक पर्वों के साथ धर्म और अध्यात्म भी जुड़ा हुआ है। इसी वजह से कृषि में उपयोग आने वाले बैल पोला के दिन भगवान शिव की सवारी नंदी बैल के रुप में पूजा की जाती हैं। पोला के दिन नांदिया बैल की तरह सजे बैलों का दर्शन किया जाना शुभ माना जाता है। लोग इन नंदी महराज का दर्शन कर दान-दक्षिणा भी करते हैं।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

कृषि संस्कृति से जुड़ा पोला पर्व के दिन जहां बेलों की नंदी महाराज के रूप में पूजा होती है वहीं बैल जोड़ी व एकल रुप में इसे दौड़ाया जाता है। इसके लिए शहर क्षेत्र व गांवों में बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। संस्कारधानी कहे जाने वाले इस शहर में गंज चौक में बाल समाज द्वारा बरसों से बैल दौड़ स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह चिखली, लखोली क्षेत्र, नंदई, हल्दी वार्ड में यह स्पर्धा की जाती है। लोगों द्वारा बैल दौड़ स्पर्धा की तैयारियों कि जा रही है। वहीं पोला पर्व के दिन युवकों द्वारा नारियल फेंक स्पर्धा भी की जाती है। कल शनिवार को गांव से लेकर शहर तक पोला पर्व की धूम बनी रहेगी। लोग पोला पर्व पर जगह-जगह आयोजित होने वाले बैल स्पर्धा का आनंद लेने के लिए तैयारी कर लिए हैं।

# अवैध रूप से गांजा बिक्री : आरोपियों को सश्रम कारावास सहित 1,60,000 रू. का अर्थदंड की सजा

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट), राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश डी.आर. देवांगन द्वारा विचारण उपरान्त अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त रमेश सेठी पिता नटवर सेठी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम अस्का, जिला गंजाम (उड़ीसा) को धारा 20 (ख) (ii) (स) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन 11 (ग्यारह) वर्ष का सश्रम कारावास' तथा 1,10,000 रूपये (एक लाख दस हजार रूपये) का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की दशा में 6 माह का सश्रम कारावास तथा अभियुक्त रुचिता कुमार गोंड़ पिता तुगुर गोंड़, उम्र 31 वर्ष, निवासी प्लाट नंबर 405 रूम नंबर 01, कांशी नगर, बमरोली रोड, पांडेसरा, सूरत (गुजरात) स्थायी पता एस गोपालपुर, जिला गंजाम (उड़िसा) को धारा 20 (ख) (ii) (स) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन 7 (सात) वर्ष का सश्रम कारावास तथा 50,000 रूपये (पचास हजार रूपये) का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की दशा में 04 माह का सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) राजनांदगांव महेश वर्मा ने बताया कि, दिनाँक 19.04.2024 को तत्कालिक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक एमन कुमार साहू को मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि, राजनांदगांव बायपास के पास दो व्यक्ति अपने पास थैला में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे हैं।

उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली द्वारा स्टॉफ सहित नारकोटिक्स एक्ट के तहत् विधिवत् कार्यवाही करते हुए मौका पहुंचकर घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनके पास थैला रखा हुआ था।

उन व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम रमेश सेठी और रुचिता कुमार गोंड़ बताया। थैले की तलाशी लेने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। इस प्रकार विधिवत् कार्यवाही करते हुए आरोपी रमेश सेठी के कब्जे से 25.090 किलोग्राम तथा आरोपी रूचिता कुमार के कब्जे से 15.610 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपीगण रमेश एवं रूचिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त अभियोग पत्र विचारण हेतु विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# कन्हारपुरी के आकाश साहू की मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ हत्या की धारा दर्ज की जाए- हेमंत ओस्तवाल



ओस्तवाल ने डॉ. रमन से पत्र लिखकर की मांग

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड नं. 34 कन्हारपुरी में निर्माणाधीन नाले में गिरकर वार्ड के एक युवक की हुई दर्दनाक मौत को लेकर पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने दोषी लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

इस संबंध में श्री ओस्तवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि मृतक आकाश साहू के परिवार को तत्काल शासन की ओर से 25 लाख का मुआवजा प्रदान की जाए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि निगम के दोषियों को तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए। श्री ओस्तवाल ने कहा कि उक्त दर्दनाक घटना में प्रथम दृष्टया निगम अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। श्री ओस्तवाल ने मृतक आकाश साहू के परिवार को शासन से 25 लाख रूपये की राशि भरण पोषण हेतु तत्काल देने की माँग की।

# भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस पर रॉयल किड्स कान्वेंट में उत्सव



जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण दर्शन पर परिचर्चा और दही लूट

राजनांदगांव (दावा)। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा के बच्चों ने परिचर्चा में भाग लिया गीता के श्लोक का वाचन किया और भगवान श्री कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं के बारे में चर्चा की। श्री कृष्ण दर्शन पर आयोजित परिचर्चा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस परिचर्चा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

परिचर्चा के परिणाम इस प्रकार हैं- कक्षा छठवीं से प्रथम स्थान दक्ष चौबे, श्रद्धा जायसवाल, द्वितीय स्थान अदिति शर्मा। कक्षा सातवीं से प्रथम सान्वी सिंह तोमर, द्वितीय आराध्या श्रीवास्तव। कक्षा आठवीं से प्रथम सिमोनी ढोंक, द्वितीय काव्या सिंहानी रही। इसके अलावा शौर्य प्रताप सिंह, मानस साहू, आरिश देव चौधरी, किंजल सोनी, तान्या यादव, अथर्व साहू, विहान ध्रुवे, अंजली परिहार, आरोही सिंह, योग्य वर्मा, पलक अग्रवाल, चेतना साहू, मानसी यादव, लाभांश्री श्रीवास्तव, चंद्रिमा सरकार, जयेश नवलानी, सोवन सरकार दक्ष वर्मा, मानस वर्मा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

निर्णायकगण के रूप में श्रीमती ममता मिश्रा एवं श्रीमती तृप्ति मेश्राम उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की इस परिचर्चा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इन बच्चों ने अपनी प्रस्तुति, ज्ञान और आत्मविश्वास से जूरी को प्रभावित किया और अपने सहपाठियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बने। रॉयल किड्स कॉन्वेंट की इस पहल ने बच्चों में भगवान श्री कृष्ण के प्रति श्रद्धा और ज्ञान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिचर्चा में बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा और उनकी शिक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर बच्चों ने अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त किया और भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इसके अलावा, उच्च माध्यमिक शाला के बच्चों ने दही लूट में भाग लिया और इस पारंपरिक खेल का आनंद लिया। दही लूट के दौरान बच्चों ने बहुत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया और इस अवसर को यादगार बना दिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के इस आयोजन ने बच्चों में भगवान श्री कृष्ण के प्रति श्रद्धा और प्रेम को बढ़ावा दिया और उन्हें उनकी शिक्षाओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर बच्चों ने बहुत आनंद लिया और इस पर्व को यादगार बना दिया। रॉयल किड्स कान्वेंट शाला परिवार बच्चों जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

# चाकू लेकर लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

### आरोपी से लोहे का धारदार चाकूनुमा हथियार जब्त, आर्म्स एक्ट के तहत भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोगों को धारदार चाकू लेकर डराने धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से धारदार चाकू नुमा औजार को जब्त कर उसे आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्ध थाना बसंतपुर कई आपराधिक मामले दर्ज है। उसे न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

श्री साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत गुरुवार 21 अगस्त को जरिये मोबाईल सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति गौरवपथ रोड अस्पताल कॉलोनी के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले आम लोगों को डरा-धमका रहा है।

इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी बादल सिन्हा पिता बाल किशन सिन्हा निवासी चौखड़िया पारा को घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकूनुमा हथियार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 364/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त उसे जिला जेल में दाखिल किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित उनि. राकेश पटेल, प्र.आर. दीपक जायसवाल, अतहर अली एवं जामिन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार का गणेश समितियों से किया आग्रह, गणपति की मूर्तियां मूल स्वरूप में करे स्थापित

### सनातन संस्कृति अनुरूप स्थापना एवं ससम्मान विसर्जन हो

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में गणेश उत्सव की परंपरा वर्षों पुरानी है, उत्सव का आनंद लेने देश के कोने-कोने से लोग यहां गणेश उत्सव व नैनाभीराम आकर्षक मनमोहन धार्मिक देशभक्ति से ओतप्रोत, समाहित विसर्जन झांकी का आनंद लेने आते हैं।

सनातन संस्कृति एवं परंपरा में सनातन एकता की झलक दिखाई पड़ती है। सनातन परंपरा में देवों में प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान गणपति का 11 दिवसीय गणपति महोत्सव संस्कारधानी राजनांदगांव में श्रद्धा, भक्तिभाव व आनंद उमंग हर्षोल्लास के साथ 27 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि सनातन संस्कृति में गणेश जी का बहुत महत्व है। उन्हें प्रथम पूजनीय माना जाता है और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत के पहले उनकी पूजा होती है। उन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है बाधाओं को दूर करने वाला भगवान। गणेश देवों के देव महादेव भगवान शिव और माता पार्वती के छोटे पुत्र हैं। भगवान गणेश की पत्नी का नाम रिद्धि और सिद्धि है। रिद्धि और सिद्धि भगवान विश्वकर्मा की पुत्रियां है। सनातन धर्म सेवा परिवार राजनांदगांव इकाई द्वारा संस्कारधानी राजनांदगांव जिले की सभी गणेश उत्सव समितियों से निवेदन पूर्वक आग्रह किया है कि मेरी संस्कृति मेरा अभिमान के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सर्वप्रथम बाल गंगाधर तिलक द्वारा गणपति महोत्सव मनाने का शुभारंभ किया गया था, ताकि लोगों में एकता का भाव जागृत हो। सनातन संस्कृति एवं धर्म को संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। सभी गणेश समितियां भगवान गणपति को मूल स्वरूप में गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित करें।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर ग्राम सोमनी में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष की पूर्णता के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-1 द्वारा ग्राम सोमनी में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। महतारी मेगा हेल्थ कैम्प में महतारी वंदन योजना के महिला हितग्राहियों एवं स्थानीय ग्राम व आस-पास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मेगा हेल्थ कैम्प में लगभग 108 महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच कराया। महिलाओं का ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया, सिकलसेल टेस्ट किया गया तथा दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच कराने एवं महतारी वंदन की राशि का उद्देश्यपूर्ण उपयोग में बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती देवकुमारी साहू, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती शीला सिन्हा, सभापति महिला एवं बाल विकास विकास स्थायी समिति श्रीमती पुष्पा उईके, सरपंच, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।


न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202507095300004
ब/121-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शाबाना, अली पति आशीम अली जाति मुसलमान निवासी ग्राम हरि ओम नगर तहसील/जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पेण्ड्री पटवारी हल्का नं. 09 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं.125/5, रकबा 0.057 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.057 हेक्टेयर भूमि आवेदिका के शामिलात नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथ प्रथम सूचना रिपोर्ट चालान की मूल प्रति पेश किया गया है। प्रकरण दर्ज किया जाये।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 22/08/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, (छ.ग.)**


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-6-8
355-3 478-9
राजधानी
2-4-7
380-1 168-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला राजनांदगांव**

**// निविदा सूचना//**

राजनांदगांव, दिनांक 14/08/2025

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक/एफ -10-10/2018/ वाक.(आब)/पांच/2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/आब/ठेका/2024/4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में:-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारंभ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान/परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों से निविदाएं बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंसियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर का पत्र क्रमांक/ आब./ ठेका/ 2025/ 3586 नवा रायपुर, दिनांक 02.06.2025 में नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान खोलने हेतु आदेशित किया गया है। राजनांदगांव नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के भीतर आपत्तिरहित स्थल पर आबकारी राजस्व सुरक्षा एव वाणिज्यिक दृष्टिकोण से नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान खोलने हेतु, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक **27/08/2025** तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है। मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **28/08/2025** को 12.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक **28/08/2025** को 1.00 बजे अपरान्ह उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**प्र. सहायक आयुक्त आबकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी- 252602952/3

# जिला साहू संघ ने किया नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरिंद्र साहू का भव्य स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। लम्बे समय से सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले घोरदा-डोंगरगांव निवासी डॉ. नीरेन्द्र साहू, प्रदेश साहू संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। यह पहला अवसर है, जब संस्कारधानी नगरी से कोई व्यक्ति सामाजिक संगठन में प्रदेश स्तर के सर्वोच्च मुखिया के पद पर आसीन हुआ किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डॉ. नीरेंद्र साहू का प्रथम बार बुधवार को अपरान्ह 3 बजे जिला साहू संघ आगमन हुआ, जहां जिलाध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में आतिशबाजी, गाजेबाजे के साथ जोरदार भव्य स्वागत किया गया।




**○ प्रदेशभर में जिला अध्यक्षों का चुनाव भी निर्विरोध कराने का प्रयास होगा- डॉ.नीरेंद्र साहू**

**○ तीस साल का रिकॉर्ड तोड़ प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व जिला को मिलना यह ऐतिहासिक पल- भागवत साहू**

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम परंपरागत रूप से संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी के तैलचित्र के समक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर सर्वसमाज के कल्याण के लिए सुख समृद्धि कामना लिए एवं समाज की खुशहाली के प्रार्थना के साथ हुई।

तत्पश्चात जिला-तहसील -नगर परिक्षेत्राधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं ने अपने निर्विरोध निर्वाचित बने डॉ.नीरेंद्र साहू का पुष्प वर्षा कर, जीत का माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंटकर गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन किया, वहीं उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। साथ ही कर्मामाता के जयकारों से स्थल गुंजायमान होता रहा। अपने स्वागत भाषण में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि डॉक्टर नीरेंद्र साहू ने निर्विरोध अध्यक्ष बनकर 30 वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ा है। उनका नेतृत्व क्षमता अद्भुत है, वे पूर्व में जिला संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं, यही वजह है कि उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के वरिष्ठजनों ने राजनांदगांव संस्कार धानी के ग्राम घोरदा डोंगरगांव निवासी डॉ.नीरेंद्र साहू के नाम पर सहमति दी है। यह जिला साहू संघ के लिए अत्यंत गर्व का पल और जिला साहू संघ के इतिहास में पहली ऐसा हुआ है कि राजनांदगांव जिले को डॉक्टर नीरेन्द्र साहू के रुप प्रदेश नेतृत्व का अवसर मिला है।

श्री साहू ने नवनिर्वाचित छ.ग. साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू को सबका गुरु बताते हुए उपास्थितजनों स्वयं को उनका चेला बताया। संरक्षक मोतीलाल साहू ने अध्यक्ष नीरेंद्र साहू को बधाई देते हुए कहा कि सबके समन्वय से आज यह अवसर मिला है। नवनियुक्त अध्यक्ष समाज की एकजुटता एवं मजबूती के लिए और प्रयास तेज करेंगे। छत्तीसगढ़ साहू संघ के निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष बने डॉक्टर नीरेंद्र साहू ने अपने आतिथ्य संबोधन में कहा कि साहू समाज के लिए यह गर्व का विषय है, इतने बड़े समाज में जहां 65 से 70 लाख की आबादी में एकजुट होकर किसी बात का निर्णय करतें हैं, तो इससे समाज सृदृढ़ होगा और यही परिकल्पना हमारे वरिष्ठों ने किया है और उस परिकल्पना में हमारी हमारा राजनांदगांव जो नेतृत्व कर रहा है। उसमें खरा उतरेंगे और हमारा चिंतन है एवं उसी दिशा काम करेंगे।

### जिलों में भी अध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति बनाने का प्रयास

क्या जिलों में भी निर्विरोध अध्यक्षों की होगी ? नियुक्ति पत्रकारों के सवालों पर छत्तीसगढ़ साहू संघ के निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज ने एक दर्शन करा दिया है। प्रदेश में इतने बड़े जनसंख्या की उपास्थि में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए हैं। राजनांदगांव जिला अध्यक्ष ही नहीं अपितु समस्त सामाजिक ईकाई को निर्विरोध चुनाव कराने का प्रयास किया जायेगा और इसमें सभी का चिंतन भी आया है तथा इसके लिए सभी तैयार हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला साहू संघ के कर्मठ महामंत्री नीलमणी साहू ने किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रकट नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने किया। जिला साहू संघ के इस ऐतिहासिक अवसर पर कमल किशोर साहू, मोतीलाल साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, मदन साहू, डोरकरण साहू, लीना साहू, माधव साहू, चंदन साहू, अंजू साहू, हेमंत साहू, डीकेश साहू, महेश साहू, डॉ. महेश साहू, नंदूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, जगतनारायण साहू, केशोराम साहू, जीवन साव, अमरनाथ साहू, कचरू साहू, तूलदास साहू, धरम साहू, केशरी साहू, टिलेश्वरी साहू, हेमदीप साहू, संदीप साहू, रमाकांत साहू, चेतन साहू, धनराज साहू, सुरेन्द्र साहू, केवल दास साहू, राजेंद्र साहू, मुनेश्वरी साहू, शोभा साहू, किरण साहू, नेमीन साहू, जगमोहन साहू, खेमूदास साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में जिले भर के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत में नगर साहू संघ के उपाध्यक्ष नीरेन्द्र साहू की माता श्रीमति वेदकुंवर साहू के निधन पर उन्हें मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्ताशय की जानकारी नीलमणी साहू एवं मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने दी।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा स्वदेशी अभियान एवं जागरूकता रैली

राजनंदगांव (दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी वस्तुओं को जन-जन तक पहुंचने का अभियान चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शुरू कर दिया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को गुलाम बना दिया था, आज हजारो की संख्या में विदेशी कंपनियां भारत में व्यापार कर रही हैं, और भारत के लोकल प्रोडक्ट गुणवत्ता पूर्ण होने के बाद भी लोगों की हीन मानसिकता के कारण पिछड़ते जा रहे हैं। सभी लोगों में लोकल के प्रति स्वाभिमान जगाने के लिए जन जागरण अभियान चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा शुरू किया जा रहा है और सभी व्यापारि भाई मिलकर इस अभियान को शुरू कर रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यापारी अपने ग्राहकों को स्वदेशी के बारे में समझाएंगे।

### जन जागरण रैली बालाजी मंदिर गंज लाइन से निकलेगी

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला महामंत्री अरुण डुलानी एवं रानू जैन ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे 'स्वदेशी अपनाओ देश बचाओं' के नारो के साथ जन जागरण रैली बालाजी मंदिर गंज लाइन से निकलेगी जो की भारत माता चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन होते हुए जयस्तंभ चौंक जाएगी। रैली में प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा, आलोक बिंदल, ज्ञानू बाफना एवं भीमन धनवानी तथा प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी तथा अमर लालवानी उपस्थित रहेंगे। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल ने सभी व्यापारियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन में भागीदारी का आवाहन किया है।

# निगम के लापरवाह भाजपाई जनप्रतिधियों के कारण युवक की गई जान- कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव का कहना है कि त्रुटि के कारण यह घटना हुई यह शर्मनाक बात है। बल्कि ऐसी घटनाओं के लिए इस प्रकार की घटनाओं को निमंत्रण देने के लिए खुद निगम की भाजपा सरकार दोषी है, जो कि इस प्रकार के जोखिम भरे जगहों पर महीनों से नाला निर्माण के लिए गढ्ढा खोदवाएं बैठी है। कन्हारपुरी में विगत डेढ़ माह पूर्व निर्माणाधीन पुलिया बनाने ठेकेदार द्वारा दस फीट चौड़ा गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जो की गंभीर लापरवाही है, जिसका खामियाजा कन्हारपुरी के युवक आकाश साहू को जान देकर चुकानी पड़ी। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा गुरूवार 21 अगस्त को कोतवाली थाने में ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।




**0 ठेकेदार व दोषियों पर कार्यवाही को लेकर शहर कांग्रेस ने थाना कोतवाली में सौंपा ज्ञापन**

**0 कांग्रेस ने चेताया तीन दिनों में कार्यवाही करों या फिर होगा थाने का घेराव**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि कन्हारपुरी वार्ड 34 के तिरंगा चौक से जंगलेसर जाने वाले मार्ग में नाला निर्माण के लिए डेढ़ माह पूर्व दस फीट चौड़ा गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया है। जिसके कारण आए दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है, जहां स्कूली बच्चें फांदकर पार करते है, वहीं इस गढ्ढे में कई बार मवेशी भी गिरकर घायल चुके हैं। राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गढ्ढे पर न तो बैरिकेड लगाया गया, न ही कोई संकेतक सूचक लगा है, इस कारण लगातार हादसे हो रहे है। जो कि कन्हारपुरी के वार्ड पार्षद द्वारा भी निगम प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। मंगलवार दरम्यिानी रात 11 बजे वार्ड के होनहार युवक आकाश साहू जो अभी तीन माह पूर्व ही उनकी शादी हुई थी बाइक से अपने घर कन्हारपुरी लौट रहे थे। अंधेरे में गढ्ढा नजर नहीं आया और आकाश बाइक सहित खोदे गढ्ढे में जा गिरा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। कांग्रेस इस दुर्घटना पर प्रदेश सरकार से मांग करती है तत्काल उचित मुआवजा दें और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी दें।

शहर कांग्रेस ने निम्न बिन्दुओं पर मांग करती है कि दुर्घटना स्थल के खोदे गए नाले के निर्माण कार्य के कार्यादेश की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराएं। ठेकेदार के नाम से रिपोर्ट दर्ज करते हुए ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त किया जाए। निगम के संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए। क्या दुर्घटना स्थल की रोड नगर निगम को हैंण्डओवर हो गई है या खोदा गया नाला की रोड पीडब्ल्यूडी विभाग राजनांदगांव की आती है तो पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी मौन रहें इनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया जाए। क्या कार्य मौखिक निर्देश पर कराया जा रहा है तो इस स्थिति में किसके आदेश पर मौखिक कार्य ठेकेदार कर रहा है। इसकी जानकारी दी जाएं अन्य और महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज की जाएं, अन्यथा संबंधित थाना कोतवाली का कांग्रेस घेराव करेंगी। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, नासिर जिंदरान, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, पार्षद अमिन हुद्दा, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# किसी साथी को कमजोर पाते हैं तो उसकी मदद करें- मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि संघ का महत्व तभी होता है जब आप अपने आपको गौण मानकर संघ में शामिल प्रत्येक साथी को महत्व दें। अपने किसी साथी को यदि आप कमजोर पाते हैं तो आप उसकी मदद करें। भले ही वह आपका कर्जदार हो किंतु आप उस समय कर्ज को भूलकर उसे सांत्वना दें कि आपको यदि और सहयोग की जरूरत पड़े तो हम करेंगे। जैन बगीचे के नए हाल में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में प्रख्यात जैन मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि यदि पवित्र भोजन भीतर जाता है तो व्यक्ति में परिवर्तन अवश्य आता है। किसी भी व्यक्ति को कमजोर ना समझे। आप उदारता से उसका सहयोग करें ताकि वह आपकी तरह साधार्मिक भक्ति कर सके। पर्यूषण पर्व के दौरान जो भी आराधना होती है, तत्वों को समझकर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ते जाएं। मुनि श्री ने कहा कि रथ यात्रा कभी विफल रही होती, बरघोड़ा कभी विफल नहीं होता। हम कहीं ना कहीं उसकी वास्तविकता को समझ नहीं पाते। यह परमात्मा को आकर्षित करता है। बरघोड़ा निकालते समय कुछ ऐसा भी आयोजन करते जाएं कि लोग धर्म के प्रति प्रेरित हो।

जैन मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने फरमाया कि हर मौसम का अलग-अलग प्रभाव होता है। मौसम के अनुसार वस्तुओं का व आराधना का प्रभाव भी अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि अपना विवेक जागृत होना चाहिए, कि किस फील्ड में मेरी जरूरत है और यह विवेक भी होना चाहिए कि मुझे करना क्या है? धर्म के कार्यों में पैसा कभी पेंडिंग नहीं रखना चाहिए। धर्म के क्षेत्र में यदि अपना पैसा पेंडिंग होता है तो यह दुःखदाई होता है। अपने को अपने द्रव्य का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करना चाहिए। गुरु के कार्य के लिए यदि कुछ करना पड़े तो भी वह करें। रोज परमात्मा के दर्शन और एक सामायिक अवश्य करें।

जैन मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहां की भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। धर्म के काम में जितना लगाओगे उससे ज्यादा ही पाओगे। शासन के कार्यों का लाभ लेने का मौका ना छोड़ें। जिनवाणी श्रवण करने का कोई भी मौका न चूकें। गुरु भगवंतो की हस्तलिखित पुस्तकों के संरक्षण का कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग, ज्यादा से ज्यादा समय तक लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रवचन का छूटना यानी अनेक जरूरी चीजों का छूटना होता है। स्वाध्याय आदि से जुड़ें। जो बच्चे प्रतिक्रमण कर चुके हैं, उन्हें प्रोत्साहित करें। शासन प्रभावना के जो-जो तरीके हो, वह करें। गलतियां कई बार होती है किंतु उसे छुपाएं नहीं बल्कि सामने वाले से अपनी गलतियों की माफी मांग ले। अपने पास बेहतर मौका है, पर्यूषण पर्व के इन आठ दिनों में हम अपने पाप धो सकते हैं और अपनी गलतियों की क्षमा मांग कर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ सकते हैं। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाज़रा ने दी।

# सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों पर सोमनी पुलिस ने की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र में नेशनल हाईवे में अपने मवेशियों को खुला छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों पर कार्रवाई की है। इस संबंध में पुलिस ने मवेशी मालिकों पर जुर्माना भी किया गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन एवं थाना प्रभारी उनि. सोमनी प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा अभियान चलाया गया है, जिसके तहत जी.ई. रोड पर सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों की पहचान कर कार्यवाही की गई। टेक नंबर का विश्लेषण कर दोषी पाए गए मवेशी मालिकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस द्वारा छेड़े गए इस अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौ रक्षा समिति एवं गौ सेवकों को साथ लेकर जी.ई. रोड पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टैग नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई। मवेशियों के संबंध में अपेक्षापूर्ण आचरणकृत करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर निम्न मवेशी मालिकों के विरुद्ध अपराध कायम किया गया- 1.दुर्जन साहू, 2.योगेश्वर यादव दोनो निवासी टेडेसरा, थाना सोमनी, जिला राजनांदगांव, 3. चंद्रकांत साहू, 4. छगन लाल यादव, 5.अस्थिर राम साहू, तीनो निवासी अंजोरा के विरूद्ध धारा 291 एवं 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

### पुलिस की मवेशी मालिकों से अपील

पुलिस प्रशासन द्वारा सभी मवेशी मालिकों एवं घुमंतू पशु पालकों से अपील की गई है कि मवेशी मालिक अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखें। ऐसा करने से न केवल मवेशियों की सुरक्षा होगी बल्कि आम नागरिकों की जानमाल की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# आदर्श ग्राम सुरगी में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया



**जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने बिहान समूह की महिलाओं को किया पुरस्कृत**

राजनांदगांव (दावा)। आदर्श ग्राम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम सुरगी में छत्तीसगढ़ शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के महिला समूह द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए, विभिन्न व्यंजनों के स्वाद को जनप्रतिनिधियों ने चखा और स्वादिष्ट व्यंजन बनाने वाली महिला समूह के बहनों को पुरस्कृत किया गया। राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने समूह के स्वादिष्ट व्यंजन के लिए बिहान के महिलाओ को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राजनंदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू, जिला पंचायत सभापति शीला सिन्हा, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत सभापति खुशबू साहू, जनपद सदस्य पुष्पा उइके, जनपद सदस्य महेंद्र राज चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्राकर, जनपद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंघोलिया, पंचायत सचिव जावन्ततीन चंदेल, वृंदावन संकुल के क्षेत्रीय समन्वयक शशि कला साहू, पीआर रोशनी कसारे, अध्यक्ष नीतू चंद्राकर एवं समस्त 29 गांव के बिहान समूह की दीदियो उपस्थित रही समूह के महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग व्यंजन बनाएं गए जिसका प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें अतिथियों द्वारा सम्मानित किए गए जिसमें तिलोचना मलपुरी प्रथम, गंगा यादव भोड़िया द्वितीय, टिकेश्वरी सिंघोला तृतीय, नीतू चंद्राकर चतुर्थ,अन्नू भर्रेगांव पंचम, अर्चना यादव सुरगी छटवा, लोकेश्वरी मुड़पार सातवां स्थान पर रही।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने गुंजन साहू को किया सम्मानित



**बिना कोचिंग के नीट में मिली सफ़लता**

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने खैरागढ़ की बेटी गुंजन साहू को स्कूल परिसर में बुलवाकर सम्मानित किया। गुंजन साहू ने बिना किसी कोचिंग के लगातार अपनी मेहनत के दम पर नीट परीक्षा में छत्तीसगढ़ में सामान्य वर्ग में 547 एवं ओबीसी में 237 रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। अब उनका चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में जनरल केटेगरी से हुआ है। गुंजन साहू एक वाहन चालक लूणकरण साहू की सुपुत्री हैं और उनकी इस उपलब्धि ने सभी को प्रेरित किया है।

एक प्रकाशित समाचार को पढ़कर शाला के प्रशासक संजय बहादुर ने यह निर्णय लिया और रॉयल किड्स कॉन्वेंट की प्रबंधन समिति द्वारा गुंजन साहू को प्रोत्साहन राशि के रूप में पाँच हजार रुपए और गिफ्ट प्रदान किया गया। शाला के बच्चों के सामने गुंजन साहू मोटिवेशनल रूप में प्रस्तुत हुई। उन्होंने बच्चों को अपने अनुभव साझा किए और उन्हें कठिनाइयों का सामना करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने गुंजन साहू को देखकर बहुत कुछ सीखा और उनकी सफलता से प्रेरणा ली।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट की इस पहल ने बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें यह दिखाया कि मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। गुंजन साहू की इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें बल्कि शाला के अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया है। इस अवसर पर शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह उपस्थित थीं। रॉयल किड्स कान्वेंट की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे. बी. सिंह उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने गुंजन को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी और आगे भी उनको किसी भी तरह की जरूरत पड़ने पर मदद करने की मंशा जताई है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास परियोजना डोंगरगांव अंतर्गत महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 112 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच एचबी, बी पी, शुगर व सिकलसेल की जांच की गई एवं विभागीय जानकारी जिला महिला बाल विकास अधिकारी दीपा शाह द्वारा दी गई। रजत जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर रंगोली बना हर्ष जाहिर किया गया। अन्य गतिविधियों में टॉय बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई, व्यंजन प्रदर्शनी में रेडी-टू-ईट के विभिन्न पारंपरिक व्यंजन बनाए गए और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कपिल रंजिता पडोती, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, महिला बाल विकास सभापति ममता मनीष पटेल, सभापति विवेक मंडावी, सभापति रेशमा साहू, जनपद सदस्य रेशमलाल साहू, हरिला साहू, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, कोमल साहू, निर्मला बाई और पद्मिनी ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विभाग के संतोष लांझेवार, पर्यवेक्षक हंसू साहू, लक्ष्मी सोनकर, पूजा दीक्षित, बेबी गीतांजलि दीवान, पदमा चंद्रवंशी, वंदना साहू, गायत्री यादव, देविका साहू और बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. शाला में जन्माष्टमी पर्व पर हुए विविध कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर में 1957 से संचालित शैक्षणिक संस्था गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. शाला में जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शाला की प्राचार्या सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य अर्पणा श्रीवास्तव व बच्चों के आए पालकों द्वारा कृष्ण की पूजा की गई। नन्हे-नन्हे बच्चों ने राधाकृष्ण की वेशभूषा धारण कर जन्माष्टमी के कार्यक्रम में सुंदरता बिखेरी कक्षा केजी 2, पहली, दूसरी द्वारा डांस की प्रस्तुति दी गई व कक्षा नर्सरी व केजी 1 के बच्चों के लिए दही हांडी का कार्यक्रम रखा गया व बच्चों के पालकों द्वारा कुर्सीदौड़ तथा अन्य प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। जिन बच्चों के पालकों ने खेल प्रतियोगिता जीती उन्हें शाला परिवार की तरफ से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

शाला की प्राचार्या सुषमा शुक्ला द्वारा दही हांडी व बच्चों की वेशभूषा पर प्रशंसा व्यक्त की गई। मंच का संचालन शाला की शिक्षिका नैन साहू ने किया व शाला के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल व कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्य, शाला की प्राचार्या सुषमा शुक्ला व उप प्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव तथा शाला की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी। उक्त जानकारी शाला की शिक्षिका श्रीमती भगवती साहू द्वारा दी गई।

## अनमोल दावा

“ सफल होने के लिए कार्य के प्रति समर्पण होना जरूरी है।

# चुनौती का सामना करें एमएसएमई वैश्विक बाजार में बढ़ानी होगी अपनी शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप की टैरिफ की चुनौती को देखते हुए देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को हरसंभव तरीके से आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि हम जितना ज्यादा स्वदेशी अपनाएंगे, उतना ही देश मजबूत होगा। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सरलीकरण की जो घोषणा की उससे एमएसएमई को बड़ा लाभ होगा। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई की चुनौतियों के समाधान के लिए नई रणनीति पर आगे बढ़ना भी जरूरी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का सीधा असर देश के एमएसएमई पर कुछ दिखने लगा है। उद्योग संगठनों के अनुमान के मुताबिक इससे एमएसएमई के 30 अरब डालर मूल्य के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। कपड़ा, रत्न, रसायन और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से अधिक नुकसान की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को बदल रहे हैं। बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से तमाम नौकरियां भी खतरे में पड़ गई हैं। कई बैंक ऋण देने में संकोच कर रहे हैं।

इसके अलावा डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलाजी, सप्लाई चेन, डाटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट में भी उनकी चुनौतियां हैं। आइटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लाजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

एमएसएमई क्षेत्र की उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। एमएसएमई मंत्री ने हाल में संसद में बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 प्रतिशत है। एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 प्रतिशत और निर्यात में 45.73 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। चालू वित्त वर्ष के बजट में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद शृंखला प्रस्तुत की गई, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं।

प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना और एमएसएमई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं। इनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 प्रतिशत बढ़ाया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2,250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन (गिरवी) के कर्ज देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। एमएसएमई को बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सुगमता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही दिशा में आगे बढ़ना होगा। सरकार द्वारा एमएसएमई के कारोबार को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश भी करनी होगी।

दूसरे देशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग की पहल भी आवश्यक है। इस पर भी ध्यान देना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लाजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराए जाने जैसी योजना को फिर से शुरू कर तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी चाहिए। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना का विस्तार करने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभान्वित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है।

हमारे एमएसएमई गुणवत्ता में सुधार के साथ ही नई तकनीक अपनाते हुए ही वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। चूंकि एमएसएमई आर्थिकी के एक मजबूत इंजन की तरह काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें लगातार सहयोग, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता दी जानी चाहिए।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र

**हरदीप एस. पुरी**



मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षितङ्कब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र - छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे–साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और नो गो क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में नो गो क्षेत्रों को लगभग 99 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60 प्रतिशत का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।

दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।

**लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र : संदर्भ नये: अगर पाप कर्म करेंगे तो लौटकर उसका दंड मिलेगा ही

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

**एक प्रसिद्ध संस्कृत श्लोक है-**

**अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभं।**
**ना भुक्तं क्षीयते कर्म कल्प कोटि शतैरपि।।**



इसका अर्थ है :-मनुष्य को अपने अच्छे और बुरे कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। अनन्त काल बीत जाने पर भी कर्म, फल की उपलब्धि कराए बिना नाश को प्राप्त नहीं होते।

हम अपने कार्यों के परिणामों से कभी बचकर नहीं निकल सकते हैं। हम उन्हें एक झटके में पल्ला झाड़कर अपने से दूर नहीं कर सकते हैं। ये तब तक हमसे जुड़े हैं, जब तक हमें इनका फल नहीं मिल जाता है।

प्रायः हम मनुष्य अपनी सुविधाअनुसार कार्य करते हैं। जो कार्य हमारे अनुकूल है, हम वह करना चाहते हैं। जो हमें पसंद नहीं, उसे नहीं करना चाहते हैं या अगर उस कार्य को करने की अनिवार्यता हो तो टालमटोल करने लगते हैं या बेमन से करते हैं। कई बार मनुष्य इस मानसिकता से कार्य करता है कि परिस्थिति से लाभ उठा लो। अभी कौन देख रहा है। कई बार वह यह सोचता है कि मैंने थोड़ा अनुचित लाभ ले भी लिया, तो किसी का क्या बिगड़ता है। कई बार वह कुतर्कों से अपने अनुचित कृत्य को सही ठहराने का प्रयत्न करता है। वह यह भूल जाता है कि पाप कर्म या पुण्य कर्म, चाहे छोटे हों या बड़े, उनका फल अवश्य मिलता है।

एक उदाहरण से इसे समझने का प्रयास करते हैं।किसी मंदिर का एक सेवक प्रतिदिन अवसर देखकर भगवान की मूर्तियों में से चढ़ाए गए पैसे में से कुछ पैसे अपने पास रख लेता था। उसका तर्क था, ''इतनी राशि तो चढ़ती है भगवान में, कुछ मैंने रख लिए तो क्या हो गया? आखिर मैं भी जरुरतमंद हूँ।''

एक दिन वह सेवक यात्रा करने के लिए बस में चढ़ा। टिकट के पैसे देने के लिए जब उसने अपनी जेब में हाथ डाला तो पैसे नहीं थे। बस में चढ़ते समय भीड़-भाड़ में उसकी जेब से पैसे किसी ने चुरा लिए थे। संयोग से कुल मिलाकर ये उतने ही पैसे थे, जितने उसने मंदिर से चुराए थे। अब उसके पास टिकट हेतु भी पैसे नहीं थे।

## शब्द सामर्थ्य -146


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## सू- दोकू क्र.146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# फिर भूपेश कुछ नहीं कह पाते

खबर पढ़कर, बानी बोले - ''गजाधर!
विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में
तीन के मंत्री पद शपथ लेने से
अब 14 मंत्री हो जाने पर
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसे
अवैधानिक करार देते हुए,
सवाल उठाते हुए, कहते हैं-
''2003 में बने कानून के मुताबिक
विधानसभा सदस्यों की संख्या में
15 प्रतिशत तक मंत्री बन सकते हैं।
इसके अनुसार गजाधर!
90 सदस्यों वाले छत्तीसगढ़ में
यह सीमा 13.5 है यानी साढ़े तेरह।
तो साढ़े को, पूरा एक कर साय जी ने
हरियाणा की तर्ज पर, अपने मंत्रिमण्डल में
14 मंत्री कर दिया।
इसलिए भूपेश जी ने इसे
कानून का उल्लंघन आरोपित किया।
तो कहिए गजाधर! साढ़े की संख्या होने पर
सीएम साय जी को क्या करना चाहिए था?''
गजाधर मुस्कराए, बाले - ''बानी!
विष्णु देव को, शंकर देव के
अर्द्ध नारीश्वर रूप का ख्याल कर,
किसी मंत्री की पत्नी को,
मंत्री बना देना चाहिए था।
फिर भूपेश जी कुछ नहीं कह पाते।
बस, वे चुप रह जाते।''



गिरीश बख्शी

## कविता


# ।। परी ह परान होथे ।।

नाचा में जनाना परी ह, गम्मत के जान होथे
नचइया परी है, नाचा के परान होथे।
नाचा में रंग जमथे परी के ही नाचे ले,
परी बिन नाचा, बिल्कुल बेजान होथे।।
मुंह ल जइसे सुहाथे सुघ्घर माखन -मिसरी
तइसने मन भाथे, नाचा के सुंदर परी।
सुमरनी सुंदर गाथे, ये नाचा के परी
नाच-गा के मन बहलाथे ये नाचा के परी।।
छत्तीसगढ़ी माई लोगन के, सुंदर प्रतिमान होथे।।
नाचा में,,,,,नाचा में जब तक कोई नइ नाचे,
सब के ऐती-ओती धियान होथे।
ठुमकथे कोई परी ह, तब नाचा जवान होथे ।
जोक्कर संग ठुमकना अउ किसम-किसम के गाना
गदकथे तबला, बाजथे रैमुनिया, तब झूमर जथे जमाना।
बिधुन हो रंगझाझर मचाथे जब उलट-उड़ान होथे।।
नाचा परी ह,,, बोले म सोग सोगावन कस,,
सुघ्घर रहिथे गा नरी, मुड़ी में लोटा, सुंदर जगमगाथे,,,,,
छत्तीसगढ़ी गहना, हरैयां-पैरी।
गर में हमेल पहिरे, रुपिया सुता साजे
बांहा में नांगमोरी, चूरी छन्नर-छन्नर बाजे।
मोंजरा कोई देखाथे त, इंहा के रहवइया नोहे के
बखान होथे।। नाचा में परी?,
लोक दुनिया में, परी ह, एक सुघ्घर सपना हरे
सरग के अप्सरा के सुंदर कल्पना हरे।
रंग-रंग के गाना गाथे, सुघ्घर मन ल बहलाथे
दुख के जिनगी में, थोकिन उबरना हरे।
मन ल काखरो उमंग देवइया, मनखे महान होथे।।
नाचा में जनाना परी, गम्मत के जान होथे।।



पवन यादव 'पहुना'
ग्राम - सुंदरा (राज.)

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगों का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं, साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है, लेकिन यह समय धैर्य पूर्वक काटने से जल्द ही सब कुछ नार्मल हो जायेगा।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं।



**कन्या**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से विवाद की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।




**तुला**

आज आपका खुशहाल रहेगा। काम को पूरा करने में आ रही अड़चन आज समाप्त होंगी। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है, उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतरी के लिए आप किसी से हेल्प ले सकते हैं। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है।



**धनु**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप तनाव की स्थिति में आ सकते हैं। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी।



**मकर**

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप कोइ नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। कृषकों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरुर मिलेगी।



**कुंभ**

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी तालमेल बना रहेगा।



**मीन**

मीन राशिः आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। इस राशि के बिजली विभाग के कर्मचारियों का आज दिन अच्छा रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग और सफलता मिलती रहेगी।

# नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने पुलिस की उपस्थिति में अवैध चखना सेंटर को हटाया

**नहर नाली और सड़कों पर बेजा कब्जा कर कचरा फैला रहे चखना सेंटर पर हुई कार्यवाही**

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के जिला मुख्यालय रोड पर नहर नाली के समीप अवैध चखना दुकान चलाने वालो की बाढ़ आ गई थी, इन चखना सेंटर पर शराब पीने पिलाने का दौर जारी था, हद तो तब हो गई जब अघोषित अहाता व अवैध चखना सेंटर खोल दिया गया और कचड़ा इस कदर फेल गया कि लोगों को इस रोड पर चलना दुभर हो गया था, कल मंगलवार 19 अगस्त को शाम 4 बजे नगर पंचायत अमला, पुलिस अमला की उपस्थिति में चखना दुकानों पर कार्यवाही कर दुकान में रखे समानों की जप्त की कार्यवाही की गई। सूत्रों की माने तो आबकारी विभाग का खुला संरक्षण होने के कारण पुलिसिया कार्यवाही भी सुस्त हो गई थी। हालाकि 36(सी) की कार्यवाही पुलिस के द्वारा की गई थी। विगत दिन सिंचाई विभाग ने नहर में बढ़ते कचरे व सिंचाई में आने वाली बाधाओ को लेकर नगर पंचायत को पत्र लिखा था। वही एक शासन स्तर से वैध अहाता का टेंडर लिए दुकान संचालक अवैध दुकानों के कारण सामाजिक सुरक्षा व महिला सुरक्षा को खतरे में बताते हुए जिला कलेक्टर से विगत दिन शिकायत किया है।



**सिंचाई विभाग ने नगर पंचायत को लिखा था पत्र**

गंडई नगर से खैरागढ़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित नहर से एक बाईपास सड़क निकलती है जो दुर्ग रोड मुख्य मार्ग एवं ठंडार गांव को जोड़ती है। इसी मार्ग पर नहर से सटी कई दुकानें बिना अनुमति के संचालित हो रही है। सिंचाई विभाग ने नगर पंचायत गंडई को लिखे पत्र में बताया था कि इन दुकानों से निकलने वाला प्लास्टिक वह अन्य कचरा सीधे नहर में फेंका जा रहा है। जिसे आगामी खरीफ फसल की सिंचाई प्रभावित होगी विभाग ने नगर पंचायत को इन अस्थाई दुकानों को तत्काल हटवाने की मांग की गई थी ताकि किसानों को नहर के अंतिम छोर तक निर्बाध सिंचाई सुविधा मिल सके।

नगर पंचायत गंडई के टीम के द्वारा नहर किनारे अवैध रूप से संचालित चखना दुकानों पर कार्यवाही की गई दर्जनों भर गरीब परिवारों के जीवकोपार्जन करने वाले दुकानों पर कार्यवाही की गई, लेकिन सामने में ही निजी जमीन पर चखना का दुकान चलाने वाले दुकानदारों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। जिन दुकानों पर कार्यवाही हुई है उन दुकानदारों ने कहा है कि ये सभी भी तो चखना दुकान चलाते हैं, लेकिन प्रशासन इन दुकानदारों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है हालांकि नगर पंचायत सीएमओ अविनाश देवांगन ने इन दुकानों पर भी कार्यवाही करने की बात कही थी लेकिन निजी जमीन मालिक दामोदर जायसवाल के द्वारा सीएमओ से सवाल जवाब किया गया, आप मेरे निजी जमीन पर कार्यवाही नही कर सकते, अब इसमें सवाल यह उठता है की निजी जमीन वाले क्या चखना दुकान चलाने के लिए परमिशन दे सकता है, इन चखना दुकानों पर पीने पिलाने की व्यवस्था की जाती है।

नगर पंचायत की संयुक्त टीम और पुलिस विभाग की ओर से जब चखना दुकान पर कार्यवाही करने के लिए जब टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि नहर के समीप चिकन केंद्र संचालित है जहां से विद्युत कनेक्शन लेकर लगभग दर्जनों दुकानदारो को कनेक्शन बांटी गई थी जबकि महज 50 मीटर की दूरी पर विद्युत विभाग का कार्यालय है इनके द्वारा भी कहीं न कहीं मौखिक संरक्षण प्राप्त रहा होगा इसी कारण से दर्जनों लोगों जो अवैध चकना दुकान चला रहे हैं इनको कनेक्शन बांटा गया था, इस पर नगर पंचायत के विद्युत शाखा में लगे कर्मचारियों के द्वारा कनेक्शन मौके पर काटा गया था।

> अविनाश देवांगन सीएमओ गंडई का कहना है की सिंचाई विभाग से लिखित शिकायत के आधार पर मौके से दर्जनों अवैध चखना दुकानों पर कार्यवाही कर सामानों की जप्त की कार्यवाही की गई। वहीं एक दुकान से दर्जनों को अवैध कनेक्शन जारी किया गया था, उसे मौके से कटवाया गया है. कांग्रेसी नेता एवं विधायक प्रतिनिधि दामोदर जायसवाल के द्वारा अवैध चखना दुकान संचालन के लिए निजी जमीन को दुकान के लिए जगह किराए पर दिया गया है। जबकि उसकी जमीन कृषिभूमि है। इस ओर भी कार्यवाही की जाएगी।

# मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जाति प्रमाण पत्र पर फिर मचा बवाल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की पंचायत राजनीति में जाति प्रमाण पत्र को लेकर एक बार फिर बवाल मच गया है। मामला ग्राम पंचायत कोर्चाटोला का है, जहाँ की सरपंच नीलिमा ठाकुर का जाति प्रमाण पत्र महाराष्ट्र से जारी बताया जा रहा है। नियमानुसार छत्तीसगढ़ में होने वाले पंचायत चुनावों में प्रत्याशी के पास छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

ग्रामीणों का कहना है कि नीलिमा ठाकुर ने महाराष्ट्र से जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सरपंच पद का चुनाव लड़ा था, जो कि वैधानिक नियमों के विरुद्ध है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने तहसीलदार अंबागढ़ चौकी को ज्ञापन सौंपकर सरपंच के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग की है।

सूत्रों के अनुसार यह अकेला मामला नहीं है। जिले में ऐसे कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों का नाम सामने आ रहा हैं, जिनके जाति प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ राज्य के नहीं हैं। इससे पंचायत व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और उन स्थानीय प्रत्याशियों के अधिकारों का हनन हो रहा है, जिनके पास सभी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के नियमों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में आरक्षित वर्ग से चुनाव लड़ने के लिए संबंधित वर्ग का प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ शासन से जारी होना चाहिए। यदि प्रत्याशी के पास अन्य राज्य का प्रमाण पत्र है तो उसे मान्य नहीं माना जाएगा।

कोर्चाटोला का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस दिशा में कड़ा कदम उठाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे विवाद न हों और वास्तविक हकदारों को न्याय मिल सके।

## पहला कॉलम...

### जोंधरा में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान



जोंधरा (दावा)। ग्राम पंचायत जोंधरा की सरपंच वंदिता उके को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया , वहीं मंच से उन्होने आने वाले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रथम आने वाले छात्रों को ग्यारह हजार नगद प्रदान करने की घोषणा की, जिसका कि प्रबुद्ध युवाओं ने जोरदार स्वागत किया है, पत्रकार राजेश मेश्राम ने कहा कि शिक्षा ही वो शेरनी है जिसे जो भी पियेगा वो दहाड़ेगा ही, शिक्षा से ही हमारा मानसिक विकास होता है। बिना शिक्षा के हम कहीं के नहीं होते, वहीं पूर्व वरिष्ठ पंच अशोक भंडारी ने कहा कि सरपंच का शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों को नगद पारितोषिक प्रदान करने की घोषणा से विद्यार्थियों में ना सिर्फ जागरूकता बढ़ेगी। अपितु विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा भी पैदा होगी, साथ ही प्राथमिक शाला में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने भी 5वीं व 8वी में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेट किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व सरपंच राधामणी भारद्वाज, सचिव बलीराम केराम, अयुब खां, ढालसिंह नेताम, एवं वार्ड पंच लिलेश्वरी सिन्हा, विमला साहू, आनंदराम सलामें, त्रिभुवन लाल कंवर, मंजूबाई शेण्डे, कालूराम उइके, राधिका बाई चुरेन्द्र, अमरोतिन बाई चुरेन्द्र, उपसरपंच हेमलता भंडारी, नरेश सिन्हा, सुंदरलाल दमगरे आदि।


### वनांचल गोड़लवाही हायर सेकेण्डरी का सुयश

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित हायर सेकण्डरी गोड़लवाही ने इस बार भी दसवीं व बारहवीं में अच्छा परिणाम देकर अपनी प्रसिद्धि को बरकरार रखा है। विदित हो प्राचार्य शैलेष कुमार पिद्दा के नेतृत्व में हायर सेकण्डरी गोड़लवाही अनुशासन, खेल व प्रतिवर्ष उत्कृष्ठ परिणाम देने में अपनी पूरे क्षेत्र में पृथक पहचान कायम की है, 2024-25 के घोषित परिणाम में कुमारी करीना लाटिया ने 91 प्रतिशत अंक लेकर विकासखण्ड स्तर पर प्रथम दस छात्रों में स्थान बनाने में कामयाब रही। वही कक्षा 12वीं के रोशनलाल आत्मज लोमनलाल ने भी 80 प्रतिशत अंक लेकर शाला को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य शैलेष कुमार पिद्दा डी.के. गोयल, के.के. साहू, एच.एल. साहू, टी.के. कुल्हारा, एल.एन. निर्मलकर, आर.के. मेश्राम व सुरभि श्रीवास्तव आदि ने उनके उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### आज पंचायत सचिव हड़ताल पर

मोहला (दावा)। प्रदेश के पंचायत सचिव आज 22 अगस्त को अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर इस आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है। फेडरेशन ने राज्य सरकार से महंगाई भत्ता (डी.ए.) की देय तिथि से भुगतान करने तथा प्रधानमंत्री की गारंटी से जुड़े वादों को पूरा करने की मांग की है। इसी क्रम में पंचायत सचिवों की मांगों को भी 11 सूत्रीय मांग पत्र में प्रमुखता से शामिल किया गया है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ, ब्लॉक इकाई मोहला ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत सचिव पूरी ईमानदारी और निष्ठा से आंदोलन में शामिल होंगे। संघ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला को पत्र प्रेषित कर हड़ताल की सूचना दी है। संघ ने कहा है कि जब तक प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर ठोस पहल नहीं करती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

### पीएम आवास हितग्राहियों के आवास का हुआ भूमिपूजन



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास 2.0 के तहत महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र के सभी 15 वार्ड के गरीब परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है, वहीं वार्ड क्रमांक 6 की हितग्राही देवंतीन धोबी के प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 07 के हितग्राही इतवारी राम साहू, लीलाराम ढीमर व शांतिलाल ढीमर के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, लोकनिर्माण विभाग सभापति पुरूषोत्तम साहू, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, कपिल पटौती, प्रफुल्ल राजा जैन, पार्षद कोमल साहू, हरि मालेकर, निर्मल कंडरा, सौरभ ठाकुर, राजकुमार साहू, रामेश्वर सोनकर सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# फतेह मैदान की बदहाली पर फूटा गुस्सा, मिशन संडे टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने उठाई खिलाड़ियों की आवाज़

खैरागढ़ (दावा)। शहर का गौरव और खिलाड़ियों की तपस्या का केंद्र रहा, राजा फतेह सिंह खेल मैदान आज बदहाली और अव्यवस्था का शिकार होकर खिलाड़ियों की उम्मीदों को तोड़ रहा है। शहर के इकलौते इस खेल मैदान की हालत इतनी खराब हो चुकी है, कि यह खेल का केंद्र कम और अव्यवस्था का अड्डा ज्यादा बन गया है। मैदान में कीचड़, गड्ढे, टूटी शराब की बोतलों के टुकड़े, शौचालय और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव खिलाड़ियों की मजबूरी बन गया है। खासकर महिला खिलाड़ियों के लिए कपड़े बदलने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें शर्मिंदगी और असुविधा झेलनी पड़ रही है, न बालकनी में टीनशेड है, न ही खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए छांव की सुविधा। बरसात और धूप में मैदान पीड़ा बनकर खड़ा रहता है। शाम ढलते ही यही मैदान शराबियों का अड्डा बन जाता है और सुबह खिलाड़ी जब खेल के लिए कदम रखते हैं तो टूटे कांच के टुकड़े उनके पैरों को लहूलुहान कर देते हैं।

मिशन संडे टीम के संयोजक व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने मैदान की दुर्दशा को लेकर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा इस राजा फतेह सिंह खेल मैदान से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय लेबल के खिलाड़ी निकले हैं। यह वही फतेह मैदान है, जिसने उन्हें उड़ान दी। लेकिन आज हालत यह है कि खिलाड़ी यहां खेलने से डरते हैं। टूटी



बोतलों और गड्ढों से रोज खिलाड़ी घायल हो रहे हैं। महिला खिलाड़ी तो और भी बड़ी मुश्किलों का सामना कर रही हैं। प्रशासन और नगर पालिका को हमने कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें दीं लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन मिला सुधार नहीं। अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ी खेलों से दूर हो जाएगी और खैरागढ़ का नाम खेल की दुनिया से मिट जाएगा।

मिशन संडे टीम ने मांग की मैदान के गड्ढों को तत्काल भरा जाए। महिला खिलाड़ियों के लिए कपड़े बदलने की अलग व्यवस्था बनाई जाए। शौचालय और पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बालकनी में टीनशेड का निर्माण किया जाए। मैदान को शराबियों से मुक्त कराया जाए। मनराखन देवांगन ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही नहीं की तो खिलाड़ी और खेलप्रेमियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की हिम्मत मत तोड़िए, उनकी आवाज़ सुनिए और मैदान की इज्जत बचाइए।

मनराखन देवांगन ने कहा कि राजा फ़तेह सिंह खेल मैदान की बदहाल व्यवस्था को लेकर उन्होंने प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बेसरम का पौधा लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बेसरम इसलिए लगाया गया है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में खाद की भारी किल्लत है, वरना हम यहाँ धान की खेती करते, उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है और किसानों तक खाद की आपूर्ति तक नहीं हो पा रही है। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, कि भाजपा के नेताओं के आते ही नगर पालिका बिना टेंडर और निविदा के लाखों रुपये खर्च कर देती है। वहीं दूसरी ओर पालिका पटाखा दुकान की नीलामी कर राजस्व तो प्राप्त करती है, लेकिन उस धन का उपयोग कहां हो रहा है, यह किसी को पता नहीं। दिपक देवांगन ने चेतावनी दी कि अगर नगर पालिका ने पारदर्शी तरीके से काम नहीं किया और शहर की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो पालिका कार्यालय में ताला जड़कर बेशरम का फूल लगाकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन मे नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, रविन्द्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा अन्य मौजूद थे।

## डोंगरगढ़ से आधुनिक सुविधा से लैस ऑनलाइन बस ट्रैकिंग सेवा का शुभारंभ



**लोधी ट्रेवल्स ने यात्रियों को दी नई सौगात**

डोंगरगढ़(दावा)। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोधी ट्रेवल्स ने आधुनिक तकनीक के साथ ऑनलाइन बस ट्रैकिंग सेवा का शुभारंभ किया है।इस सुविधा के माध्यम से यात्री अब अपने सफ़र को रियल-टाइम में ट्रैक कर सकेंगे। इससे यात्रा होगी और भी आसान, सुरक्षित और पारदर्शी।

जनता के हित में शुरू की गई यह सेवा अब सीधे cebo.in पर उपलब्ध है। इस अवसर पर लोधी कॉरपोरेट-लोधी ट्रेवल्स, लोधी पेट्रोलियम डोंगरगढ़, लोधी कृषि फार्म पुरैना,छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सफ़र को आधुनिक, सुरक्षित और विश्वासपूर्ण बनाया जाए।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले निगरानी बदमाश बाबा उर्फ अली बख्श गिरफ्तार

डोंगरगढ़(दावा)। नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले निगरानी बदमाश बाबा उर्फ अली बख्श को पुलिस ने 18 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी वर्ष 1985 से थाना डोंगरगढ़ का निगरानी बदमाश है। आरोपी के विरूद्ध जिला दुर्ग से लेकर जिला राजनांदगांव में चोरी, डकैती, छेड़छाड़ एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के कई मामले दर्ज है। दिनांक 20.08.2025 के करीबन सुबह करीबन- 11:20 बजे आरोपी बाबा उर्फ अलीबख्श पिता रसूल बख्श उम्र 58 साल निवासी डोंगरगढ़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत, छेड़छाड़ किया है एवं अश्लील गाली-गलौज किया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र. 415/2025 धारा- 75(1)(पअ), 296 बीएनएस एवं 08 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**रिपोर्ट के बाद 18 घण्टे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा अपने टीम के साथ घटना के बाद फरार आरोपी बाबा उर्फ अलीबख्श का पता तलाश कर हिरासत में लेकर प्रथम सूचना पत्र कायमी के 18 घण्टे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। आरोपी थाना डोंगरगढ़ का निगरानी बदमाश है। आरोपी को दिनांक 27.03.1985 से निगरानी बदमाश में लाया गया है। आरोपी के विरूद्ध जिला दुर्ग से लेकर जिला राजनांदगांव तक चोरी, नकबजनी, लूट, छेड़छाड़ जैसे विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है, साथ ही विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं से प्रतिबंधित भी किया जा चुका है। लेकिन बदमाश अपने आदत में कोई सुधार नहीं ला रहा है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, उपनिरीक्षक रामेश्वरी बघेल, प्र.आर. अखिल अम्बादे, आरक्षक चितेश गात्रे, किशन चन्द्रा, योगेश साहू का विशेष योगदान रहा।

# रहस्यमयी मशीन के नाम से ग्रामीणों के दहशत में होने की भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई- गायत्री टेम्बुरकर

**आसमान से गिरी वस्तु एक रेडियोसाउंड बैटरी से चलने वाली एक डिवाइस है, जो मौसम के तापमान और नमी की जानकारी मौसम विभाग में रखी रिसीवर को प्रदान करता है**



डोंगरगढ़(दावा)।गत दिनों डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कातलवाही निवासी हेमंत निषाद के खेत में आसमान से गिरी एक मशीन की चर्चा का कुछ ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा खूब प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों में दहशत होने की बात कही गई।

इसे लेकर ग्राम पंचायत मुसरा कला की सरपंच गायत्री टेम्बुरकर ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा है कि जिसे रहस्यमयी मशीन और ग्रामीणों के दहशत में होने की खबर प्रसारित की जा रही है, वह सरासर गलत खबर है। सरपंच श्रीमती टेम्बुरकर ने कहा है कि आसमान से गिरी वस्तु एक रेडियोसाउंड बैटरी से चलने वाली एक डिवाइस है जो मौसम के तापमान और नमी की जानकारी मौसम विभाग में रखी रिसीवर को प्रदान करता है। मौके में उपस्थित सभी लोगों को गूगल बाबा की मदद से उसी वक्त उक्त डिवाइस की जानकारी मिल गई थी।

इसके बावजूद मिडिया को भ्रामक जानकारी प्रदान किया गया। सरपंच श्रीमती टेम्बुरकर ने कहा है कि किसी भी ग्रामीण को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह बहुत बड़ा विषय नहीं है इसीलिए ग्राम पंचायत द्वारा कोई सूचना ग्रुप में नहीं डाला गया था।

# आज ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष का निर्वाचन के संबंध में बैठक



**सक्रिय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सुरेश सिन्हा ने अपनी पहचान बनाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष का निर्वाचन के सम्बन्ध में आवशयक बैठक 22 अगस्त दिन शुक्रवार को समय 1.30 बजे स्थान ग्राम अछोली साहू भवन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सृजन के तहत अतिआवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, निर्वाचन प्रभारी शाहिद भाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचन मे कांग्रेस समर्थित पूर्व विधायक पूर्व व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य मंडल अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य गण सेक्टर प्रभारी व कार्यकारिणी सदस्यगण बूथ प्रभारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस साहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओ को उपस्थित रहने कहा गया है।

डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सुरेश सिन्हा का कार्यकाल उपलब्धि भरा कहा जा सकता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मध्य बिना गुटबाजी के कार्य करने को लेकर श्री सिन्हा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। कांग्रेस की सत्ता के दौरान तत्कालीन विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में, जिस सक्रियता के साथ श्री सिन्हा ने कार्य किया, प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता जाने के पश्चात वर्तमान विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में उसी सक्रियता के साथ उनका कार्य देखने को मिला।

# भाजपा मंडल छुरिया में अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि मनाई गई



छुरिया (दावा)। भाजपा मंडल छुरिया में भारतीय राजनीति के युगपुरुष, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी पुण्यतिथि विश्राम गृह छुरिया में मनायी गयी। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव, शेखर भारद्वाज महामंत्री भाजपा मंडल छुरिया, नैन सिंह पटेल उपाध्यक्ष भाजपा छुरिया, कुंदन बाडोले, अमीर खान, अशोक सेन नेसहित भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के उपस्थिति थे।

जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रेरणादायक विचारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयीजी का काम बहुत शानदार रहा। उनके कार्यों की बदौलत ही उन्हें भारत के ढांचागत विकास का दूरदृष्टा कहा जाता है। अटल जी सबके चहेते और विरोधियों का भी दिल जीत लेने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी वाजपेयी जी का सार्वजनिक जीवन बहुत ही बेदाग और साफ-सुथरा था। इसी बेदाग छवि और साफ-सुथरे सार्वजनिक जीवन की वजह से अटल बिहारी वाजपेयीजी का हर कोई सम्मान करता था। उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। अटल बिहारी वाजपेयी जी के लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा, तभी उन्हें राष्ट्रपुरुष कहा जाता था।

अटल बिहारी वाजपेयी की बातें और विचार सदैव तर्कपूर्ण होते थे और उनके विचारों में जवान सोच झलकती थी। यही झलक उन्हें युवाओं में लोकप्रिय बनाती थी। अटल बिहारी वाजपेयी जी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे। तब विपक्ष भी उनकी तर्कपूर्ण वाणी के आगे कुछ नहीं बोल पाता था। अपनी कविताओं के जरिए अटलजी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे। उनकी कविताएं उनके प्रशंसकों को हमेशा सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

## छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा आज से कलम बंद काम बंद हडताल




डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा मोदी की गारंटी के तहत् लंबित महंगाई भत्तों के एरिवर्स राशि का जी पी एफ खाते में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की 11 सूत्रीय मांगो को लेकर 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को कलम बंद काम बंद हडताल किया जा रहा है। यह एक-एक कर्मचारियों/ अधिकारियों के हित में फेडरेशन का सराहनीय निर्णय है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के उक्त आंदोलन को छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ पूर्ण समर्थन करता है। संघ, छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ से जुड़े समस्त कर्मचारी साथियों से अनुरोध करता है कि 22 अगस्त 2025 दिन शुकवार को अवकाश लेकर आंदोलन को तन मन धन से सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त जानकारी योगेश चौरे (प्रांतीय महामंत्री) छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा जारी किया गया।

# छत्तीसगढ़ में गौधाम योजना को मिली स्वीकृति- अशोक देवांगन

## कहा यह योजना प्रदेश की संस्कृति और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगी



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग ने प्रदेशभर में गौधाम योजना को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब निराश्रित, घुमंतु और जप्त गौवंशीय पशुओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्वास के लिए शासकीय भूमि पर आधुनिक गौधाम स्थापित किए जाएंगे। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से न केवल पशुओं की देखभाल सुनिश्चित होगी। बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार, चारा उत्पादन और गौ-आधारित उद्योगों को भी नई गति मिलेगी। इस ऐतिहासिक निर्णय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक देवांगन ने खुशी जताते हुए कहा कि गौधाम योजना केवल पशुओं के संरक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बनेगी। यह योजना छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और 'गौसेवा' की भावना का जीवंत प्रतीक है।

### क्या है गौधाम योजना?

प्रत्येक गौधाम में अधिकतम 200 गौवंशीय पशुओं को रखने की व्यवस्था होगी। स्थानीय निकायों और स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से गौधामों का संचालन किया जाएगा। पशुओं के लिए दाना-पानी, स्वास्थ्य सुविधा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और बधियाकरण की व्यवस्था अनिवार्य होगी। गौधाम को प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ जैविक खाद, गोबर-गोमूत्र आधारित उत्पाद, गौकाष्ठ, अगरबत्ती, दीया आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चारा विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी और वैज्ञानिक पद्धति से चारागाह तैयार किए जाएंगे।

### वित्तीय प्रावधान

योजना में वित्तीय सहयोग का विस्तृत प्रावधान किया गया है। पहले वर्ष पशुओं के पोषण हेतु रूपये 10 प्रतिदिन प्रति पशु अनुदान दिया जाएगा। यह राशि दूसरे वर्ष रूपये 20, तीसरे वर्ष रूपये 30 और चौथे वर्ष रूपये 35 प्रतिदिन प्रति पशु तक बढ़ा दी जाएगी। प्रत्येक गौधाम में चरवाहा और गौसेवक नियुक्त होंगे, जिन्हें शासन द्वारा तय न्यूनतम वेतनमान के अनुसार मानदेय मिलेगा। नस्ल सुधार कार्यक्रम हेतु विशेष रूप से राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत तकनीक का उपयोग किया जाएगा। अधोसंरचना विकास हेतु रूपये 5 लाख तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा संबल

अशोक देवांगन ने कहा कि गौधाम योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन होगा। गोबर और गोमूत्र से बनने वाले जैविक खाद, कीटनाशक, ऊर्जा उत्पाद और अन्य गौ-आधारित वस्तुओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही गौधामों में होने वाला प्रशिक्षण युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के लिए दोहरी राहत लेकर आएगी। एक ओर खेतों को आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा, दूसरी ओर गौधामों से तैयार जैविक खाद और गो-उत्पाद किसानों को सस्ती दर पर उपलब्ध होंगे। इससे खेती किसानी की लागत कम होगी और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी।

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी

प्रदेश में बड़ी संख्या में निराश्रित और घुमंतु पशु सड़कों पर घूमते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। गौधाम योजना से इन पशुओं का पुनर्वास सुनिश्चित होगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अशोक देवांगन ने कहा कि यह योजना मानव और पशु दोनों की सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

### भाजपा की प्रतिबद्धता

अशोक देवांगन ने मुख्यमंत्री और पशुधन विकास विभाग को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से गौ-सेवा और ग्रामीण विकास की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि गौधाम योजना छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य करेगी। यह योजना आने वाले समय में प्रदेश को पूरे देश में गौ-आधारित अर्थव्यवस्था का आदर्श मॉडल बनाएगी। भाजपा इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु शासन-प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

# ग्राम सुंदरा के युवा हिमेश साहू ने प्रथम बार रक्तदान किया



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम सुंदरा निवासी हिमेश साहू पिता भोला राम साहू ने प्रथम बार रक्त दान कर रक्तदान के दिशा में कदम रख दिया है। हिमेश सुंदरा के पड़े लिखे युवा है और वे रक्तदान के महत्व को भलीभांति जानते है।

हिमेश को जैसे ही पता चला की रक्त की आवश्यकता है, जरूरतमंद को तत्काल ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। उन्होंने बताया रक्तदान कर बहुत अच्छा लग रहा हैं और सभी युवाओं को भी रक्त दान करना चाहिए। किसी जरुरतमंद को रक्तदान कर रहे है, हमारे रक्त के वजह से किसी को स्वास्थ्य लाभ हो रहा है तो दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नही है।

# सभी नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की- तिलई मंडल



राजनांदगांव (दावा)। रामजी भारती पूर्व विधायक डोंगरगढ़ व नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष के विशेष नेतृत्व में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर- भाजपा-प्रदेश कार्यालय छत्तीसगढ़ में आज, छत्तीसगढ़ भाजपा के नव निर्वाचित पदाधिकारीयों ने विधिपूर्वक पूजा पाठ कर अपने-अपने पदभार ग्रहण किया गया।

जिसके अवसर पर तिलई मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों और मंडल के वरिष्ठ नेतागणों के साथ मिलकर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह सहित नव-निर्वाचित महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मारकंडेय, अखिलेश सोनी, रामजी भारती उपाध्यक्ष, मंत्री आमित साहू युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा से सौजन्य मुलाक़ात कर शुभकामनाएं दिये गये।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति श्रीमति शीला सिन्हा, मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, मंडल के वरिष्ठ नेता जी.डी. वैष्णव, राम कुमार वर्मा, महेश यादव, गोपी साहू, दुर्जन देवांगन, मालिखम कोसरे, जनपद सदस्य श्रीमति ललिता साहू, श्रीमति मंजू वर्मा, जनपद सभापति साकेत वैष्णव, मंडल महामंत्री राकेश साहू, यशवंत वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शेखर यदु, श्रीमति नंदनी सेवता, कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा मंत्री श्रीमति शशिकला बंजारे, कार्यालय मंत्री वेदव्यास साहू, मीडिया प्रभारी डिगेंद्र सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय साहू, युवा महेश सेन, युवा मोर्चा महामंत्री रवि वर्मा, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हरिचंद सिन्हा, टाकेश सिन्हा, पूनम देवांगन, सन्नी साहू, नकुल वर्मा उपस्थित थे।

# बननवागांव में दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम संपन्न, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



राजनांदगांव (दावा)। बननवागांव में गोविंद उत्सव समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। समिति ने इस धार्मिक आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया, जिसमें ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ हुआ। पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो गया। भक्तों ने राम नाम के जाप और धुनि में शामिल होकर भक्ति का आनंद लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देना था।

समिति की ओर से बताया गया कि यह रामधुनि का आयोजन लगातार किया जा रहा है और इसका लाभ समाज को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम में विभिन्न भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिससे माहौल और भी भक्तिमय बन गया।

कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार जेठमल ने किया। उन्होंने अपनी मधुर वाणी और सुगठित शब्दों से न केवल कार्यक्रम को जीवंत बनाया बल्कि श्रोताओं को भक्ति और संस्कृति के महत्व से भी अवगत कराया, उनकी संचालन शैली ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान ग्राम समिति ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाज में प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन में गांव की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण को मधुर बनाया, वहीं युवाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्था और अनुशासन में सराहनीय योगदान दिया।

गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने इस आयोजन को समाज की एकता और परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया, उनका कहना था कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से योगदान दिया और यह सुनिश्चित किया कि हर आगंतुक को कार्यक्रम से संतोष और आनंद की अनुभूति हो। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय गोविंद उत्सव समिति बननवागांव को जाता है, जिनके अथक प्रयास और सामूहिक सहयोग से यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। अंत में आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# महतारी सदन : महिलाओं के सशक्तिकरण की ओर एक कदम

## महतारी सदन भवन निर्माण के लिए 30-30 लाख रू. स्वीकृत



जोंधरा (दावा)। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्नति की दिशा में क्षेत्र को बड़ी सौगात मिला है। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू की अनुशंसा पर उप-मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा छुरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुमरदा एवं अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमाटोला में महतारी सदन भवन निर्माण के लिए 30-30 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। विधायक श्री साहू ने अपने प्रवास के दौरान विभिन्न महिला संगठन एवं क्षेत्र के महिलाओं से मुलाकात के दौरान महतारी सदन निर्माण की घोषणा की थी। श्री साहू ने कहा कि महतारी सदन बनने से महिला स्व-सहायता समूहों को बैठक करने महिलओं के हित में कार्यक्रम आयोजित करने एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह महिला समूहों को और अधिक सशक्त करेगा। विधायक भोलाराम साहू ने उप मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस संवेदनशीलता के साथ महिलाओं के लिए उन्होंने इस कार्य कीी स्वीकृति दी है। इसके लिए धन्यवाद के पात्र है। महिला समूह सदस्यों का कहना है कि महतारी सदन उनके लिए संगठन, प्रगति का सशक्त मंच साबित होगा।

### ग्राम धारिया में दही-हांडी एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत बूढ़ानभाठ के आश्रित ग्राम धारिया में दही-हांडी गोविंद एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यादव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर नगर ब्राह्मण मंडली द्वारा राउत नाचा प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप कुमार महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभम चंद्राकर ने की। ग्राम के सरपंच रामविलास धुर्वे, महिला, बुजुर्ग और बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। समस्त नगरवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कोपेडीह के कांजी हाउस में रखा गया मवेशी मृत




राजनांदगांव (दावा)। टेड़ेसरा से लगे हुए ग्राम कोपेडीह में स्थित कांजी हाउस में मवेशी मृत पाया गया, जिनकी जानकारी पूर्व सरपंच द्वारा सीईओ जनपद को दिया गया। जिसमें मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक द्वारा मुआयना कर मवेशी को गड्ढा खोदकर दफ़नाने कह दिया गया। मामले का पड़ताल करने जानकारी ली गई जिसमें उक्त कांजी हाउस में 6-7 मवेशी सप्ताह भर से थे। जिसमें से कुछ मवेशी को रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कांजी हाउस से निकालकर कहीं छोड़ दिया गया है, उनमें से 2 मवेशी को नहीं ले जा सके, तो कांजी हाउस के बाहर में छोड़ दिया गया, जिसकी सुबह मृत्यु हो गई।

ग्रामीण विनोद साव ने बताया कि मेरे मवेशी को भी एक रात कांजी हाउस में रखे थे, जिसका 100 रू. लिए गए हैं। जिसकी कोई रसीद नहीं मिली है। इस प्रकार की घटना स्थानीय प्रशासन की असंवेदनशीलता एवं लापरवाही को दर्शाता है। कांजी हाउस संचालन की प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़े करता है, एक तरफ गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की अपील बहुत से साधु संतों को करते देखा गया है और दूसरी तरफ पशुपालकों एवं प्रशासन की उदासीनता से गौवंश की भविष्य पर असमंजस बरकरार है।

# मुसरा स्थित वर्षो पुराने ब्रिटिश कालीन भवन को किया ध्वस्त





## खंडित हो चुके भवन से आमजनों में दुर्घटना का भय बना हुआ था

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। ग्राम पंचायत मुसराकला स्थित पुरानी धर्मशाला जो की विगत चालीस साल से खंडहर में तब्दील हो चुका था, को विगत दिनों सरपंच श्रीमति गायत्री टेम्भुरकर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के आदेश पर ध्वस्त किया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि ब्रिटिश शासनकाल में किसी व्यक्ति द्वारा उक्त धर्मशाला का निर्माण कर ग्रामीणों के सामाजिक निस्तार के लिए दिया गया था।

भवन में विगत पचास वर्षों तक स्कुल संचालित किया जा रहा था। खंडित हो चुके भवन से लोगों की जान मॉल की क्षति होने की आशंका बनी रहती थी। इसके अलावा लोग कचरा डालकर गंदगी फैला रहे थे। पिछले दस साल से खंडित हो चुके भवन को तोड़ने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन नाकामयाबी हाथ लग रही थी। वर्तमान सरपंच के अथक प्रयास से जनहित में ध्वस्त कर दिया गया।

### जनहित में जर्जर हो चुके भवन को ध्वस्त किया गया- सरपंच

ग्राम पंचायत मुसराकला की सरपंच गायत्री टेम्बुरकर ने बताया कि ब्रिटिश सरकार के समय निर्मित भवन जो विगत अनेक वर्ष पूर्व जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों के मन में हमेशा घटना-दुर्घटना का भय बना रहता था। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन के सहयोग से पंचायत की ओर से जनहित में भवन को ध्वस्त किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सिर्फ 37 घंटे चर्चा, एक महीने.....**

देश की सर्वोच्च विधायिका का यह मानसून सत्र आखिरकार इस सवाल के साथ खत्म हुआ कि जब जनहित के मुद्दे नारेबाजी और गतिरोध के बीच दब जाएं तो लोकतंत्र अपने नागरिकों को कौन-सा संदेश देता है। यही प्रश्न आने वाले शीतकालीन सत्र के लिए चुनौती बनकर खड़ा रहेगा। हालांकि विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बावजूद विधायी कामकाज रुका नहीं। लोकसभा में 14 विधेयक पेश हुए, जिनमें 12 पारित किए गए। इनमें आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और आनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक शामिल हैं। संविधान के 130वें संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है। प्रश्नकाल का हाल और भी खराब रहा। लोकसभा में 419 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध थे, किंतु सिर्फ 55 का उत्तर दिया जा सका। आपरेशन सिंदूर और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर विशेष विमर्श हुआ, लेकिन अंतरिक्ष कार्यक्रम पर चर्चा अधूरी रह गई।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए बी.....**

और इस गणराज्य की लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित एक नागरिक के रूप में, जनसेवा के मेरे जीवन ने मुझे सिखाया है कि भारत की असली ताकत प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, संवैधानिक नैतिकता की रक्षा और हमारी विविधता में एकता में निहित है. उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति पर संसदीय लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि यदि निर्वाचित होता हूं, तो मैं निष्पक्षता, गरिमा और संवाद एवं शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ इस भूमिका का निर्वहन करने का वचन देता हूं. रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा उन पर भरोसा जताने के लिए और उन अनगिनत नागरिकों के प्रति भी गहरा आभार व्यक्त किया जो न्याय, समानता और सद्भाव के इस सामूहिक संघर्ष को प्रेरित करते रहते हैं. रेड्डी ने आगे कहा कि हमारे संविधान में आस्था और अपने लोगों में आशा के साथ, मैं इस यात्रा पर निकल रहा हूं. हमारी लोकतांत्रिक भावना हम सभी का मार्गदर्शन करती रहे. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं. राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी मतदान के पात्र होते हैं. निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है. गोवा के पहले लोकायुक्त रेड्डी, हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता केंद्र के न्यासी बोर्ड के सदस्य भी हैं. नामांकन दाखिल करने से पहले सुदर्शन रेड्डी ने प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. उसके बाद उन्होंने कहा कि बेशक, संख्याएं मायने रखती हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है. उन्होंने कहा कि चूंकि मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं, इसलिए मुझे विश्वास है कि सभी दल मेरा समर्थन करेंगे. मैंने कल बुधवार को यह बात बिल्कुल स्पष्ट कर दी थी. यह सिर्फ विचारधारा की लड़ाई है. बता दें, दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत राज्यों से आते हैं. ऐसे में जो भी उम्मीदवार जीतेगा, वह दक्षिण का प्रतिनिधित्व करेगा. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को बी सुदर्शन का घटक दलों के सभी नेताओं से परिचय कराया. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रेड्डी को इस हफ्ते की शुरुआत में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया था. उनका मुकाबला एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा. सुदर्शन के नामांकन के समय संसद में दौरान विपक्षी दलों के नेताओं के भी उनके साथ रहने की उम्मीद है. इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी का नामांकन राज्यसभा के कामकाज में निष्पक्षता, निष्पक्षता और गरिमा बहाल करने के लिए विपक्ष की दृढ़ प्रतिबद्धता है. संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में इंडिया ब्लॉक के सदस्यों को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि विपक्षी सदस्यों को उच्च सदन में महत्वपूर्ण सार्वजनिक चिंता के मामलों को उठाने का अवसर नहीं दिया गया है और इस उल्लंघन से बचने के लिए सुदर्शन रेड्डी का निर्वाचित होना महत्वपूर्ण है.

**हमले के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता....**

ने मुख्यमंत्री गुप्ता से मुलाकात की और अचानक उन पर हमला कर दिया। साकरिया ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर खींचा, जिससे उनका सिर मेज पर लड़ गया। उनको थप्पड़ मारे और गाली-गलौज भी की। पुलिस ने आरोपी को 5 दिन की हिरासत में लिया है। आरोपी पशु प्रेमी बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस आरोपी को राजकोट भी ले जाएगी।

**सीएम रेखा गुप्ता**

शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा ने दिल्ली पुलिस में विशेष आयुक्त इंटेलीजेंस के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

**सरकारें राज्यपाल की मर्जी से नहीं चलती.....**

सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकतीं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस पर कहा, राज्यपाल को केवल पोस्टमैन नहीं बनाया जा सकता। वे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। उन्हें कुछ संवैधानिक अधिकार भी मिले हुए हैं। सीनियर अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि राज्यपाल को अगर यह शक्ति मिली है तो फिर राष्ट्रपति भी केंद्र सरकार के बिलों पर मंजूरी रोक सकते हैं। सीजेआई ने इस पर स्पष्ट किया कि संविधान की व्याख्या राजनीतिक परिस्थितियों को देखकर नहीं होगी। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा ने कहा, संविधान एक जीवंत दस्तावेज है। राज्यपाल बिल को संशोधन के लिए लौटा सकते हैं, लेकिन जब विधानसभा उसे दोबारा पारित करके भेजे तो राज्यपाल को मंजूरी देनी ही होगी।

**युद्ध के दौरान मारे गए 383....**

कर्मी अपने समुदायों की सेवा करने वाले राष्ट्रीय कर्मचारी थे. उन पर काम के दौरान या उनके घरों में हमला किया गया. ओसीएचए ने कहा कि इस साल अब तक, आंकड़ों में इस बढ़ती प्रवृत्ति के उलट होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है. डेटाबेस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल सहायता कर्मियों पर 599 बड़े हमले हुए. ये संख्या 2023 में हुए 420 हमलों से काफ़ी ज़्यादा है. साल 2024 में हुए हमलों में 308 सहायता कर्मी घायल भी हुए. वहीं 125 का अपहरण हुआ और 45 को हिरासत में लिया गया. डेटाबेस के मुताबिक, बीते 7 महीनों में 245 से ज़्यादा बड़े हमले हुए हैं और 265 सहायता कर्मी मारे गए. गौर करें तो इस साल के सबसे घातक और भयावह हमलों में से एक दक्षिणी गाजा शहर राफा में हुआ, जब 23 मार्च को भोर से पहले इजराइली सैनिकों ने गोलीबारी की. इसमें स्पष्ट रूप से चिह्नित वाहनों में सवार 15 चिकित्सकों और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं की मौत हो गई. इस दौरान सैनिकों ने शवों और उनके क्षतिग्रस्त वाहनों को बुलडोज़र से कुचल दिया और उन्हें सामूहिक कब्र में दफना दिया. संयुक्त राष्ट्र और बचावकर्मी एक हफ्ते बाद ही घटनास्थल पर पहुंच पाए. संयुक्त राष्ट्र के फ्लेचर ने कहा, किसी भी मानवीय सहयोगी पर एक भी हमला हम सभी पर और उन लोगों पर हमला है जिनकी हम सेवा करते हैं.सहायता कर्मियों के खिलाफ हिंसा अपरिहार्य नहीं है. इसे समाप्त होना ही चाहिए. डेटाबेस के अनुसार, 2024 में 21 देशों में सहायता कर्मियों के खिलाफ हिंसा पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ी है, जिसमें सरकारी बल और सहयोगी सबसे आम अपराधी हैं. डेटाबेस के मुताबिक, पिछले साल सबसे ज़्यादा बड़े हमले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में हुए, जहाँ 194 हमले हुए, उसके बाद सूडान में 64, दक्षिण सूडान में 47, नाइजीरिया में 31 और कांगो में 27 हमले हुए. हत्याओं के मामले में, सूडान, जहां गृहयुद्ध अब भी जारी है, गाजा और पश्चिमी तट के बाद दूसरे स्थान पर है, जहां 2024 में 60 सहायताकर्मियों की जानें गई. यह संख्या 2023 में हुई 25 सहायताकर्मियों की मौत से दोगुनी से भी ज़्यादा है. लेबनान, जहां पिछले साल इजराइल और हिज़्बुल्लाह के उग्रवादियों ने युद्ध लड़ा था, वहां 20 सहायताकर्मियों की मौत हुई, जबकि 2023 में एक भी नहीं मारा गया. डेटाबेस के अनुसार, इथियोपिया और सीरिया में 14-14 हत्याएं हुईं, जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुनी है. यूक्रेन में 2024 में 13 सहायताकर्मियों की मौत हुई, जो 2023 में मात्र 6 थी.

**छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः कोर्ट में....**

की आबकारी नीति में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए, जिसके जरिए 3200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ। जांच के दायरे में अफ सर, नेता और कारोबारी शामिल हैं। साल 2019 में छत्तीसगढ़ शराब घोटाला की शुरुआत हुई, जब भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस सरकार ने राज्य में आबकारी नीति में बड़े बदलाव किए। नई आबकारी नीति में शराब की खरीदी, वितरण और बिक्री पर राज्य सरकार ने पूर्ण नियंत्रण ले लिया और नकली शराब सप्लाई, नकद लेन-देन और शराब माफ़ियाओं को फेवर देने का खेल शुरू हुआ। ईडी के मुताबिक, नई शराब नीति के तहत शराब बनाने और बेचने का एक समानांतर सिस्टम स्थापित किया गया, जिसमें सरकारी अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं का एक सिंडिकेट शामिल था। नकली होलोग्राम्स और गलत बिलिंग का इस्तेमाल करते हुए सरकारी खजाने को खूब नुकसान पहुंचाया गया। आरोप है कि उन्होंने आबकारी नीति में जानबूझकर ऐसे बदलाव किए, जिससे शराब के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिला और राज्य का राजस्व प्रभावित हुआ। आरोप है कि डिस्टलरी मालिक से ज्यादा शराब बनवाई गई और नकली होलोग्राम लगाकर सरकारी दुकानों से बिक्री करवाई गई।

**मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में....**

दीर्घकालिक साझेदारियाँ स्थापित करना, नए व्यापारिक चैनल खोलना तथा प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। विश्व के सबसे बड़े नवाचार और सहयोग प्लेटफार्मों में से एक में भाग लेकर मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर का उपयोग इस्पात, खनन, स्वच्छ ऊर्जा और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए करेंगे। यह मिशन राज्य की सक्रिय पहल को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाना और आर्थिक विकास के नए अवसरों को खोलना है।

# कोसरिया यादव समाज के द्वारा दही हांडी लुट प्रतियोगिता मे घोटीया की टीम ने लुटी हांडी

खैरागढ़ (दावा)। कोसरिया यादव समाज के द्वारा जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा व पहली बार क्रेन में बांधकर दही हांडी लूट प्रतियोगिता का आयोजन राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित किया। सर्वप्रथम कोसरिया यादव समाज के द्वारा शनिवार को जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर देर रात भजन कीर्तन करते हुए श्रीकृष्ण भगवान का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर भोग प्रसादी लगाएं गये और प्रसादी का वितरण किया गया।

कोसरिया यादव समाज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई,जो बांकेबिहारी मंदिर प्रांगण गोलबाजार से निकल कर,बरेठपारा कुम्हारपारा, इतवारी बाजार, बक्सी मार्ग, गोलबाजार, मस्जिद चौक,राजीव चौक, जयस्तंभ चौक,नया बस स्टैंड, अबेंडकर चौक, संगीत विश्वविद्यालय प्रारंगण होते हुए, नगर भ्रमण कर राजा फतेह सिंह खेल मैदान पहुंची। कोसरिया यादव समाज के द्वारा दहीं हांडी लुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मिशन संडे टीम के संयोजक मनराखन देवांगन के द्वारा पहले दही हांडी लुटने वाली टीम को 21000/- रू पुरस्कार की घोषणा की गई थी। जिसमें ब्लाक खैरागढ़ की ग्राम घोटीया की टीम ने दही हांडी लुट कर इस 21000 रूपए के पुरस्कार को अपने नाम किया।



दही हांडी लुट प्रतियोगिता का शुभारंभ मिशन संडे टीम के संयोजक व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन एंव उनकी टीम के व्दारा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की पूजा अर्चना कर की गई।। उसके बाद दहीं हांडी लुट प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। इस प्रतियोगिता में कुल दो टीमें दहीं हांडी लुटने पहुंची थी। जिसमें मलाजखंड (मप्र.) एंव ग्राम घोटीया, ब्लाक खैरागढ़ केसीजी जिला से। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीके चंदेल, निलाबंर वर्मा,जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष व पार्षद दिपक देवांगन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीरा चोपड़ा, गुलाब चोपड़ा,अरविंद त्रिपाठी, पार्षद व सभापति रेखा गुप्ता, देवीन कोठले, मोनिका रजक, निलम राजपूत, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,अरूण भारतव्दाज, रविन्द्र सिंह गहरवार, यतेंद्र जीत सिंह ÷छोटू÷, नित्य शरण सिंह,शेखरदास, अभिषेक सिंह, मनोज बैद, निलेश यादव मंच पर उपस्थित थे। कोसरिया यादव समाज के द्वारा उपस्थित सभी लोगों का तिलक लगाकर, गमछा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस आयोजन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष गिरीजा चंद्राकर ने सभी को जन्माष्टमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन सहित क्षेत्रवासीयो की खुशहाली उन्नति तरक्की के लिए भगवान श्रीकृष्ण से दुआ मांगी। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल हिंदू समाज सहित सभी वर्ग के लोग समाज के हर पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने की परंपरा चल पडी है। पहले ऐसा नहीं होता था। आज छोटे-छोटे से पर्व को भी बहुत ही सादगी और धूमधाम से मनाने लगे हैं,ऐ बहुत ही अच्छी बात है। इस दहीं हांडी लूट के आयोजन को कोसरिया यादव समाज के द्वारा वृहद रूप से मनाने के आयोजन समीति को बधाई व शुभकामनाएं दी और हर संभव मदद की बात कही। उपस्थित अतिथियों का कोसरिया यादव समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस दही हांडी लुट प्रतियोगिता में खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम घोटीया की टीम ने बरसते हुए पानी में दही हांडी लुट कर 21000 रूपए के पुरस्कार को अपने नाम किया। यही नहीं इस टीम के द्वारा इस प्रतियोगिता में

## ब्लॉक अध्यक्ष चयन करने ब्लाक कांग्रेस की बैठक सम्पन्न



घुमका (दावा)। कांग्रेस के सृजन संगठन कार्यक्रम के तहत आज घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बैठक आयोजित की गई। बैठक में घुमका ब्लॉक प्रभारी जीतू मुदलियार, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्वमंत्री धनेश पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, पंकज बांधव आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में सात दावेदारों ने अपनी दावेदारी की जिनमे गीतालाल वर्मा, राममूरत कल्पना साहू, ललित चाँदतारे, गंभीर साहू, दिनेश पुराणिक, राकेश साहू रहे। इन नामों में आपसी सहमति नही बनने पर घुमका ब्लॉक प्रभारी मुदलियार ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एक-एक कर रायशुमारी की व पैनल के आधार पर फैसला सुरक्षित रखा व नाम दिल्ली भेजने की बात कही।

कांग्रेस घुमका मण्डल मीडिया प्रभारी पीयूष दुबे ने बताया कि कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती के लिए पूरे प्रदेश में सृजन संगठन कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं के साथ रायसुमारी कर नए संगठन का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष शेखर वर्मा, घुमका मण्डल अध्यक्ष खेमचन्द पप्पू वर्मा, जनपद सदस्य चन्द्रेश वर्मा, अन्य मण्डल अध्यक्ष आशीष वर्मा, हरीश देशमुख, संतोष देवांगन, पूर्व सरपंच वीरेंद्र दुबे, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, के के दुबे, जयकुमार वर्मा, राकेश वर्मा, नवीन लुनिया, नवनीत सिंह, लछमन वर्मा, छन्नू आडिल, प्रह्लाद यादव, कैलास शर्मा, दानी वर्मा, दौलत देवांगन, पीताम्बर निषाद, ओमकार वर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पशुधन और पारंपरिक उपकरणों के प्रति कृतज्ञता का पर्व है पोला- खेमचंद वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी खेमचंद वर्मा 'बंटी' ने कहा कि भादो अमावस्या को मनाया जाने वाला पोला पर्व भारतीय ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। यह त्यौहार न केवल हमारे पशुधन के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है, बल्कि परंपरागत कृषि उपकरणों और मेहनतकश जीवन शैली के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी पर्व है।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि भारतीय किसान की आजीविका और जीवनयात्रा में बैल, हल, नांगर, और अन्य कृषि उपकरणों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इन्हीं साधनों के कारण खेतों में अन्न उपजता है और अन्नदाता किसान अपने परिवार तथा समाज का भरण-पोषण करता है। पोला त्यौहार इसी भावना का प्रतीक है जब हम अपने पशुधन और कृषि उपकरणों को पूजकर उन्हें धन्यवाद देते हैं। इस वर्ष पोला पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि यह शनिचरी अमावस्या को पड़ रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिचरी अमावस्या का विशेष आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व होता है। ऐसे में इस बार पोला पर्व का आयोजन और भी शुभ एवं मंगलकारी रहेगा। ग्रामीण समाज और किसानों से अपील की है कि वे इस पावन पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी अभी से प्रारंभ करें। खेत-खलिहानों में साफ-सफाई, बैलों और कृषि उपकरणों की सजावट तथा पारंपरिक विधि-विधान से पूजा करने से न केवल हमारी संस्कृति सुरक्षित रहती है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी इस समृद्ध परंपरा से जोड़ने का अवसर मिलता है। पोला पर्व हमें यह भी संदेश देता है कि हमें अपनी जड़ों और परंपराओं के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। आधुनिकता के दौर में भी यह आवश्यक है कि हम अपने पशुधन और खेती-किसानी की परंपरा का सम्मान करें, क्योंकि यही हमारी असली ताकत और पहचान है।

## वनांचल क्षेत्रों पर धर्मान्तरण बर्दाश्त नहीं- जगत सलामे, पूर्व संभाग अध्यक्ष गोंड़ समाज मोहला

मोहला (दावा)। मोहला मानपुर जिला के मानपुर-आंधी क्षेत्र में भोले-भाले अशिक्षित गरीब असहाय आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक प्रलोभन व स्वास्थ्य संबंधित मदद का लालच देकर उनकी पारम्परिक, ऐतिहासिक आस्था, संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। मोहला-मानपुर-अं. चौकी एक आदिवासी जिला है।



जिसमें गोंड समाज के लोग ज्यादा निवासरत् है और उन्हीं लोगों पर ये लोग अत्याचार कर रहे हैं। यह जिला पांचवी अनुसूची के अन्तर्गत आता है और उनका कानून, सात अन्न, चौदह रूढ़ी प्रथा पर आधारित है। ये धर्मान्तरण कराने वाले व्यक्ति हो या संस्था यदि ऐसा करते पाया गया तो उनके विरूद्ध समाज संभाग मोहला कड़ी कार्यवाही करेगी। गोंड़ समाज इन्हें बता देना चाहता है कि आप जिस उद्देश्य (मकसद) से इस क्षेत्र में चाहे व्यापार हो, रोजगार हो, जो भी उद्देश्य हो, भारत के किसी भी राज्य व जिले में रह सकते है, किन्तु आप अपने उद्देश्य के विपरीत शान्ति-प्रिय क्षेत्र में, शांति प्रिय समाज में ये गंदी हरकत किया जा रहा हो तो किसी को भी बख्शा नहीं जावेगा। क्षेत्र से आपको बाहर का रास्ता दिखा दिया जावेगा। इस समस्या में कड़ी कार्यवाही करते हुए संबंधित श्रीमान् कलेक्टर व श्रीमान एस.पी.राज्यपाल को त्वरित जॉच व कार्यवाही के लिये आवेदन दिया जावेगा। धर्मान्तरण के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार कड़ी कानून ला रही है, जो स्वागत योग्य है। गोंड़ समाज के लोगों को बताना चाहिये कि हमारी संस्कृति, गौरवशाली संस्कृति है और विश्व की श्रेष्ठतम संस्कृति हैं। हमारी पुरखा जो आँखों में देखी हुई वस्तु जैसे- सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी, जंगल-जमीन, नदी-नालों, पहाड़, झरना, पेड़-पौधे जो हमारी पुरखा जो साक्षात् व सत्य है, उनकी पूजा करती है, इसलिए हमारा धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है, हमें किसी धर्म को स्वीकार करने मानने की आवश्यकता नहीं है। समाज को ऐसे हरकत बाजों से सतर्क रहना चाहिये।

## विधायक यशोदा वर्मा की पहल पर बुंदेली व अकरजन को मिला बड़ा तोहफा

खैरागढ़ (दावा)। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में खैरागढ़ क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की अनुशंसा पर उप मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास व गृह मंत्री विजय शर्मा ने ग्राम बुंदेली और ग्राम अकरजन में महतारी सदन निर्माण के लिए ३०-३० लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।



**दोनों ग्रामों में ३०-३० लाख की लागत से बनेगा महतारी सदन**

गौरतलब है कि विधायक वर्मा ने अपने हालिया दौरे के दौरान मितानिन व बिहान क्लस्टर सम्मेलन में ग्रामीण महिलाओं से मुलाकात की थी। इसी दौरान उन्होंने बुंदेली और अकरजन में महतारी सदन निर्माण की घोषणा की थी। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि महतारी सदन बनने से इन क्लस्टर के महिला स्व-सहायता समूहों को बैठक करने कार्यक्रम आयोजित करने और गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह महिला समूहों की संगठित ताकत को और मजबूत करेगा। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने उप मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास, गृह मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री विजय शर्मा ने जिस संवेदनशीलता के साथ महिलाओं के लिए इस कार्य को स्वीकृति दी है। उसके लिए मैं पुनः हृदय से धन्यवाद देती हूँ। इस फैसले से ग्रामीण अंचल की महिलाओं में उत्साह का माहौल है। महिला समूहों का कहना है कि महतारी सदन उनके लिए संगठन और प्रगति का सशक्त मंच साबित होगा।

## बरसटोला ग्रामीणों ने अजीज मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट इंदामरा के नाम सौंपा ज्ञापन



डोंगरगाँव (दावा)। विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बरसनटोला के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू के नेतृत्व में अजीज़ मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट इंदामरा राजनांदगांव (एबीस) के चेयरमैन के नाम से निदेशक अंजुम अल्वी को ज्ञापन सौंपा गया। श्रीमती साहू ने बताया की जब अमलीडीह पंचायत के अंतर्गत आने वाले ज़मीन में एबिस ग्रुप कंपनी का निर्माण हुआ था तब अमलीडीह ग्राम पंचायत द्वारा 28/7/2011 में किए गए ग्राम सभा में पंचायत के आश्रित ग्राम बरसनटोला में तीन शेड निर्माण कराए जाने हेतु अनुमोदन हुआ था। जिसमें कंपनी ने अपनी सहमति प्रदान की थी। किंतु उसका निर्माण अभी तक नहीं हो पाया था।

श्रीमति साहू के साथ ग्रामवासियों ने कंपनी के निदेशक को ज्ञापन सौपकर जल्द ही टीनशेड निर्माण कराने कहा गया। जिस पर निदेशक अंजुम अल्वी ने जिला पंचायत सदस्य व ग्रामीणों को जल्द ही टीनशेड बनवाने आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तुलेश कुमार सोनकर, दिलबहार मांडवी, भंवर साहू, खेलन साहू, कोमलचंद निषाद, थानू साहू उपस्थित थे।

## सोनझरी समाज ने रायपुर में की सौजन्य मुलाकात, अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की मांग



कौड़ीकसा (दावा)। सोनझरिया एवं सोनझरी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के समाजजनों के साथ मिलकर 19 अगस्त 2025 को रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री पवनसाय से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शासन-प्रशासन के रिकार्ड में कहीं सोनझारिया तो कहीं सोनझरी लिखा जाता है, जिसके कारण यह समाज अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर हो रहा है। इस कारण समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि जाति प्रमाण पत्र बनना संभव नहीं होता।

ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चकमा ने कौड़ीकसा एवं धानापायली पहुंचकर सोनझरी समाज की रहन-सहन, खानपान, पूजा-पद्धति और जीवनशैली का निरीक्षण किया था। उस समय उन्होंने आश्वासन दिया था कि समाज के नाम को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की अनुशंसा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आगामी सत्र में इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया जाएगा तथा समाज को अनुसूचित जनजाति का हक दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। यह जानकारी योगेन्द्र सिंगने ने दी।

## श्रीकृष्ण के जीवन से सत्य, धर्म और कर्तव्य की प्रेरणा-श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत चंवरढ़ाल में कोसरिया यादव समाज द्वारा 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू ने की। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता डिगेन्द्र सिन्हा, जनपद सदस्य श्रीमती मंजू चंदेल, तिलई मंडल महामंत्री यशवंत वर्मा, पूर्व सरपंच श्रीमती गीता वर्मा एवं उपसरपंच सन्नी साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन में कोसरिया यादव समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष गंगूराम यादव, उपाध्यक्ष विनोद यादव, कोषाध्यक्ष टीकम यादव, सचिव बबलू यादव सहित संरक्षक एवं समस्त समाज जन सक्रिय रूप से जुटे रहे। साथ ही पचगहिया सर्किल क्षेत्र से कैलाश कुमार यादव, बनवाली यादव, रामकुमार यादव, युवा महिला अध्यक्ष श्रीमती करूणा यादव, श्रीमती दुलेश्वरी यादव तथा बड़ी संख्या में समाज के कार्यकर्ताओं ने महोत्सव की सफलता में अहम योगदान दिया।

ग्राम पंचायत चंवरढ़ाल में आयोजित यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम बना। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य धर्म और कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता सहयोग और संस्कृति की निरंतरता को मजबूत करते हैं। मैं ग्रामवासियों एवं समाज जनों की सहभागिता की सराहना करती हूँ और सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देती हूँ। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गुंजन ने किया कमाल, एक वाहन चालक की बेटी है, बिना कोचिंग एमबीबीएस में मिली सफलता

खैरागढ़ (दावा)। एक वाहन चालक की बेटी गुंजन ने कमाल किया। बिना कोचिंग किए एमबीबीएस में मिली बड़ी सफलता। मेहनत लगन और जुनून हो तो सफलता किसी भी हाल में हासिल की जा सकती है। इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। खैरागढ़ की गुंजन साहू जिनका चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है।



**पहले फुटबॉल और अब पढ़ाई दोनों में चमकाया नगर का नाम**

खास बात यह है कि उन्होंने किसी भी कोचिंग संस्था का सहारा लिए बिना घर पर ही 10 से 12 घंटे की पढ़ाई कर यह मुकाम पाया है। इतवारी बाजार निवासी गुंजन एक वाहन चालक लुनकरण साहू की बेटी हैं। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से उन्होंने 12वीं तक पढ़ाई पूरी की और कक्षा बारहवीं में 86 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। वहीं दसवीं बोर्ड में भी उन्होंने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। गुंजन के एमबीबीएस में चयन के बाद विद्यालय परिवार ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लगातार मेहनत के दम पर उन्होंने नीट परीक्षा में छत्तीसगढ़ में सामान्य वर्ग में 547वीं और ओबीसी में 237वीं रैंक हासिल की।

अब उनका चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में जनरल कैटेगरी से हुआ है। गुंजन सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल के मैदान में भी अव्वल रही हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी भी हैं। साल 2019 में विद्या भारती अंडर-19 नेशनल स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की थी। अपनी सफलता पर गुंजन ने कहा कि- मेरी रूचि हमेशा पढ़ाई और खेल दोनों में रही है।

शिक्षा के लिए माता-पिता और बड़े पापा हरिराम साहू का मार्गदर्शन मिला। वहीं खेलों में जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल और कोच जमीर कुरैशी का सहयोग अमूल्य रहा। इन्हीं की बदौलत मेरा एमबीबीएस और नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी बनने का सपना पूरा हो सका। गुंजन की इस उपलब्धि पर पूरे नगर में खुशी का माहौल है। न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## विधायक यशोदा वर्मा ने शा.हायर सेकण्डरी यह अंक मदुराकुही में फहराया झंडा

खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने शा.हायर सेकण्डरी स्कूल मदुराकुही में 79 वीं स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण किया। ग्राम मदुराकुही में प्रा.शाला, पूर्व मा.शाला व हायर सेकेंडरी स्कूल में सयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा अध्यक्षता शाला विकास समिति अध्यक्ष बेदराम वर्मा विशिष्ट अतिथि सरपंच सकून बाई पटवा, पूर्व जनपद सदस्य लाल संदीप सिंह, नीलाम्बर वर्मा, पुकराम सिन्हा पर्व सरपंच उत्तम सिन्हा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।



मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं सहित उपस्थित सभी जनों को देश कि 79वीं स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के वीर जवानों जैसे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, मंगल पांडेय, खुदीराम, सुभाष सिंह बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल जैसे वीर जवानों ने निस्वार्थ रूप से देश प्रेम की भावना रखते हुए अंग्रेजों से लड़कर देश को आजादी दिलाई थी। जिस कारण से आज हम सब आजाद देश की आजाद नागरिक के रूप में हम सब जीवन यापन कर रहे है। आज हमारा देश लोकतांत्रिक देश है। जहां राजा बनाने का अधिकार देश के नागरिक को है। जो जन प्रतिनिधि देश हित व जन हित में काम नहीं करता उसे पांच वर्ष में हटाने की कार्य भी जनता को है,आज जनता देश में स्वतन्त्र जीवन यापन कर रही है। आगे बच्चों को कहा कि जीवन में आगे बढ़ना है तो पढ़ना जरूरी है। क्योंकि जो अच्छा अंक से पड़ कर पास होगा वही जीवन मे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आप लोग ही देश के भविष्य हो आगे चलकर आप लोग कोई इंजीनियर, कोई डॉक्टर ,कोई वकील, कोई अच्छा जनप्रतिनिधि, कोई अच्छा व्यापारी, कोई अच्छा कृषक बनोगे। पिछले वर्ष जो बच्चे शाला में अच्छे अंक पाकर मेरिट लिस्ट में आऐ थे। उसे प्रसस्थि पत्र व मेमोनटो से सम्मानित करते हुए कहा कि अगले वर्ष जो 10वीं व 12 वीं में मेरिट लिस्ट लेकर पास होंगे। उसे वह हवाई जहाज में अपने साथ कोणार्क की सूर्य मंदिर दिखाने ले जाएगी। स्कूल परिवार व सरपंच के मांग पर शा. हायर सेकण्डरी स्कूल प्रांगण में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 10 लाख, यात्री प्रतीक्षालय हेतु 5 लाख, गली कांक्रीटीकरण हेतु 5 लाख की घोषणा किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सागर सिंह बैस, धनवा वर्मा, ग्राम पटेल धीरेंद्र सिंह, रमेश सिंह बैस, अजेय पटवा, सहित बहु संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शहर के बड़े-बड़े लोगों का लाखों का निगम टेस बकाया, कोर्ट द्वारा जारी किया गया नोटिस

## बकायादारों के कान हुए खड़े, मचा हड़कंप, लोक अदालत में जाकर पटाना होगा टैक्स




राजनांदगांव (दावा)। शहर के 544 लोगों को जो पांच सालों से निगम टैक्स नहीं पटा रहे थे। जिनका लाखों का टैक्स बकाया है। उन्हें कोर्ट द्वारा 13 सितंबर को लोक अदालत में आकर निगम टैक्स पटाने के लिए कोर्ट से नोटिस जारी कर किया गया है। कोर्ट द्वारा इन बकायादारों को नोटिस इश्यु होते ही इनमें हड़कंप मच गया है और बंगले झांकने लगे हैं।

बता दें कि विगत पांच सालों से निगम टैक्स अदा नहीं करने वालों में वो रसुखदार लोग हैं, जिनका लाखों का निगम टैक्स बकाया है। जिनके द्वारा समय पर निगम टैक्स अदा ही नहीं किया जा रहा है। निगम ऐसे लोगों के संबंध में सीधे कोर्ट में मामला डाल दिया गया है जहां से इन लोगों को उनके बकाया निगम टैक्स पटाने की लिए नोटिस जारी हुआ है। कोर्ट द्वारा इन बकायादारों को नोटिस जारी होने से वे बगले झांकने लगे हैं और वे उक्त नोटिस को लेकर अपने-अपने स्तर पर हाथ-पैर मारना शुरू कर दिए हैं।

### 3.28 करोड़ रुपये है बकाया राशि

बता दें कि शहर के बड़े-बड़े रसुखदार लोगों का निगम को दिए जाने वाले टैक्स 3.28 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। उसे पटाने के लिए 544 लोगों को कोर्ट से नोटिस जारी हुआ है। इन बकायादारों में न केवल शहर के रहवासी ही नहीं पीडब्ल्यूडी विभाग, स्टेडियम समिति, आयकर विभाग, सेतु निगम जैसे विभाग है। उन्हें निगम द्वारा टैक्स पटाने लगातार कहा जाते रहा पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इन लोगों द्वारा निगम टेक्स पटाने में रुचि नहीं दिखाने पर निगम द्वारा इसे सीधे कोर्ट के सुपुर्द कर दिया गया। अब वहां से शहर के उक्त विभागों सहित 544 लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है। अब इन बकायादारों को निगम के पांच सालों का बकाया टैक्स पटना जरुरी हो गया है। नहीं पटाने पर कोर्ट से कुर्की-डिग्री का आदेश जारी हो सकता है।

बताया जाता है कि जिन विभागों सहित 544 लोगों को जारी हुए कोर्ट की नोटिस के अनुसार 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में राजस्व अधिकारी के सामने उपस्थित होकर निगम टेक्स की बकाया राशि पटानी होगी। नोटिस मिलने से शहर में हड़कंप मच गया है, लोग निगम के चक्कर काट रहे है।

# 'दावा' की खबर के बाद शहर की सड़कों के गड्ढों का मरम्मत किया जाना शुरू



शहर के मुख्य गड्ढे पाटे गए, छोटे गड्ढों का किया जा रहा पैकिंग वर्क

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मध्य भाग सहित वार्डो में करोड़ों खर्च कर किए गए डामरीकरण का पहली बारिश में बखिया उखड़ जाने को लेकर दैनिक दावा ने प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया था। उक्त खबर का तत्काल असर दिखना शुरू हो गया है। और शहर की सड़कों में उभर आए बड़े बड़े- बड़े गड्ढों का मरम्मत किया जाना शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि गुरुवार दिनांक 21 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित उक्त समाचार का नगर निगम व संबंधित विभाग वालों पर तुरंत असर हुआ और गुरुवार को शहर के मध्यभाग में जितने भी बड़े-बड़े गड्ढे थे, उसे डामरीकरण के पैचिंग वर्क द्वारा पाटा जाना शुरू कर दिया गया। सड़क के गड्ढों को पाट कर समतल किए जाने से लोगों को आवाजाही में सहुलियत हो रही है। गुरुवार के अंक मे दैनिक दावा द्वारा महावीर चौक के खतरनाक गड्ढे वाला चिह्नित स्थान को सबसे पहले पाटा गया, तत्पश्चात अन्य गड्ढों की पैचिंग वर्क के माध्यम से पाटा जाना शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में शहर के गोल बाजार क्षेत्र के शहीद भगत सिंह चौंक पर उभर आए बड़े से गड्ढे की मरम्मत की गई और डामर का लेप चढ़ाया गया। इससे उक्त सर्विस रोड से आवा-जाही करने वाले लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

### विश्राम गृह, बल्देव बाग रोड में गड्ढे

बता दें कि विगत कई दिनों से महारानी स्कूल के कार्नर व पुराना रेस्ट हाऊस के सामने का नाला टूटा-फूटा पड़ा है, जिसके चलते उभर आए बड़े से गड्ढे से लोहे के नुकीले सरिए झांक रहे हैं। उक्त खतरनाक गड्ढा लोगों को मौत का आमंत्रण दे रहा है। लेकिन निगम के ठीक पीछे पड़ने वाले जानलेवा गड्ढे को ठीक करने की ओर न वार्ड पार्षद का ध्यान जा रहा और न निगम इस दिशा में ध्यान दें रहा है। इसके चलते आए दिन उक्त गड्ढे में गिरकर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसी तरह रानी अवंती बाई चौक से लेकर बल्देव बाग रोड में सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिससे वाहन चालकों को दचके खाते हुए गुजरना पड़ता है। दैनिक दावा प्रेस के सामने सड़क में बड़ा सा गड्ढा उभर आया है। इसी तरह बोगदा के नीचे भी गड्ढा बना हुआ है जिसमें बारिश का पानी का जमावड़ा रहता है। जो कि आने जाने वालों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

इस रोड में इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। नगर निगम व संबंधित विभाग शहर सहित वार्डो में बारिश के दिनों में उभर आए इन गड्ढों को भरने की दिशा में तत्काल ध्यान दें। इससे इन गड्ढों की वजह से आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। वैसे भी गणेशोत्सव पर्व अभी आने वाला है उसके पहले शहर की गड्ड-मड्ड सड़कों का मरम्मत कर लोगों की सुचारू आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराया जाना महती आवश्यक है।

# अदिति बसु ने प्रथम प्रयास में नीट उत्तीर्ण कर रचा कीर्तिमान

## कांकेर मेडिकल कॉलेज में मिला प्रवेश



**अंबागढ़ चौकी (दावा)। शिक्षा क्षेत्र में एक बार फिर अंबागढ़ चौकी ने गौरव हासिल किया है। विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के हिंदी विषय के व्याख्याता तोरण लाल बसु एवं गृहणी श्रीमती पार्वती बसु की सुपुत्री कुमारी अदिति बसु ने नीट-2025 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता अर्जित कर एमबीबीएस में प्रवेश पाया है।**

अदिति को शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में दाखिला मिला है। प्रारंभ से ही मेधावी अदिति ने कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई नगर के वेसलियन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से की। तत्पश्चात प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने ओबीसी वर्ग से छत्तीसगढ़ राज्य में 12वीं रैंक हासिल कर रायपुर के बालिका आवासीय प्रयास विद्यालय में प्रवेश पाया।

कोरोनाकाल के चलते कुछ समय तक उन्होंने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंबागढ़ चौकी में अध्ययन किया और आगे की पढ़ाई रायपुर प्रयास विद्यालय से जारी रखी। कक्षा 10वीं में उन्होंने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। यद्यपि टॉप-10 सूची में दो अंकों से स्थान बनाने से चूक गईं, लेकिन लक्ष्य से विचलित न होकर दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ीं। परिणामस्वरूप कक्षा 12वीं के साथ-साथ नीट-2025 में उन्होंने 478/720 अंक प्राप्त कर 80114 ऑल इंडिया रैंक हासिल की और डॉक्टर बनने का सपना साकार किया।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार, ग्राम टेलीटोला एवं आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सफलता पर माता-पिता सहित रायपुर प्रयास विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजुला तिवारी, वेसलियन स्कूल की प्राचार्य स्मृति लाल, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य भरत चौहान, तात्कालीन प्राचार्य आर.बी. सिंह, सभी शिक्षकगण, सिन्हा समाज के पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# वृद्ध शुभेराम का शव दूसरे दिन रेंगाकठेरा पुलिया में मिला



डोंगरगांव (दावा)। बुधवार दोपहर ग्राम करेठी (बादराटोला) स्थित घुमरिया नदी में एक वृद्ध के बह जाने की जानकारी सामने आई है, जिसका शव दूसरे दिवस गुरुवार को इसी नदी में पांच किलोमीटर दूर रेंगाकठेरा पुल में फंसा मिला। वृद्ध के डूबने की जानकारी मिलने के पश्चात डोंगरगांव थाने की पुलिस नगरसेना गोताखोरों के साथ मिलकर लगातार पूरे नदी में पतासाजी करते रहे, लेकिन दिनभर खोजबीन करने के बाद भी वृद्ध नहीं मिल पाया। वहीं दूसरे दिन सुबह रेंगाकठेरा पुलिया में वृद्ध का शव फंसा राहगीरों ने देख पुलिस को सूचना दी, डोंगरगांव पुलिस ने शव बरामद किया और उसकी पहचान परिजनों ने नदी में डूबे शुभेराम साहू पिता तुलसी साहू उम्र 73 वर्ष के रूप में की। इस पूरे अभियान को डोंगरगांव टीआई जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में लाभाराम ध्रुव एसआई, अजमेर खान, गौरव शेंडे, शाहिद अंसारी के साथ नगर सेना के मेजर दिलीप कुमार साहू, रामप्रसाद, सैनिक कृपाल नेताम, जितेंद्र कुमार लहरे, श्यामसुंदर साहू, श्यामलाल पटेल की सराहनीय भूमिका रही। वहीं वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया।



राजनांदगांव (दावा)। भक्ति मंडल के नाम पर महिलाओं की ऐसी संस्था जो प्रत्येक माह की दोनों एकादशी के दिन अपने सदस्यों के यहां भजन आयोजित करती है। उक्त संस्था द्वारा आज श्री अग्रसेन भवन में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने भक्तिभावपूर्वक भजनों का आनंद उठाया।

# जीई रोड में चला अतिक्रमण हटाव अभियान

## आज मनोकामना से आशा नगर चौक तक चली जेसीबी, ठेला-गुमटी, पुरानी गाड़ी और अतिरिक्त शेड हटाए

### बुधवार को गुरुद्वारा से आम्बेडकर चौक तक चलाया गया अभियान

राजनांदगांव (दावा)। शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने प्रशासन का अतिक्रमण हटाओं अभियान शहर में चल रहा है। पूर्व में गुड़ाखु लाईन, जूनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महाकाल चौक, गुरूद्वारा रोड़, ममता नगर रोड, कामठी लाईन, हलवाई लाईन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर समान दुकान के अंदर रखने समझाईस देकर समान जप्ती एवं शेड आदि हटाने की कार्यवाही की गई थी और आज पुनः अधिकारियों की मौजुदगी में जीई रोड पर मनोकामना मंगल भवन से आशा नगर चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जबकि बुधवार को गुरुद्वारा चौक से आंबेडकर चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

शहर में यातायात का दबाव बढ़ने के अलावा जिस गति से दुपहिया, चार पहिया वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है, उसी गति से अतिक्रमण भी बढ़ रहा है, जिससे आवागमन में असुविधा के साथ यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी हो रही है। जीई रोड में भी अतिरिक्त शेड निर्माण और पुरानी गाड़ियों को सड़क किनारे डंप किए जाने से राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही थी। क्षेत्र में निगम अधिकारियों द्वारा दुकानदारों, गैराज के संचालकों को पहले ही समझाईश दी गई थी। अतिक्रमण हटाने भी कहा गया था। गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत क्षेत्र में कार्रवाई की गई। आज मनोकामना मंगल भवन से लेकर आशा नगर चौक तक में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानों, गुमटियों के सामने अतिरिक्त शेड तोड़े गए। पुरानी गाड़ियों को हटाया गया। बुधवार को भी गुरुद्वारा चौक से आंबेडकर चौक तक फ्लाईओवर के नीचे और दूसरे स्थ्थानों पर ठेले-गुमटियों और अतिरिक्त शेड को हटाने की कार्यवाही की गई।



अतिक्रमण हटाव अभियान में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव पूरे समय उपस्थित रहकर दुकानदारों को क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करने समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीददार भी पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने आने में हिचकिचाते है। जिसके कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सब को सहयोग करना है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने के दौरान सभी से शहर को व्यवस्थित करने दुर्घटना रोकने सहयोग करने समझाईस दी गयी थी, समझाईस उपरांत भी स्वयं से नही हटाने पर आज मनोकामना मंगल भवन से आशा नगर चौक में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिए तथा अतिरिक्त सीढ़ी, शेड और कब्जे को जेसीबी मशीन से तोड़ने के अलावा अतिरिक्त बोर्ड, एंगल निकालकर रोड़ में रखे ठेला व बर्फानी धाम के पास से ही गैराजों द्वारा सामने रखी गई पुरानी-दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हटाया गया। उन्होने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि, सामान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। अपालन पर प्रशासन की टीम सामान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज के अतिक्रमण हटाव अभियान में निगम के अधिकारी, अतिक्रमण दस्ता तथा पुलिस प्रशासन उपस्थित था।

# चिखली प्यारेलाल चौक में दो कारों में जोरदार भिड़ंत, बड़ा हादसा टला



राजनांदगांव(दावा)। गुरूवार दोपहर लगभग 2 बजे शहर के चिखली क्षेत्र के ठाकुर प्यारेलाल चौक में भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, खैरागढ़ की दिशा से महावीर चौक की ओर आ रही एक सफेद फॉर्च्यूनर ने पीछे से डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी।

बताया जा रहा है कि फॉर्च्यूनर स्थानीय देवांगन चना दुकान वाले की है, जबकि डिजायर कार किसी एफ सी एल अधिकारी की है। कार चिखली निवासी गौतम वर्मा चला रहे थे, जो लंच के बाद अपने काम पर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि डिजायर आगे जाकर चौक के ट्रैफिक सिग्नल वाले डिवाइडर से भीड़ गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में डिजायर कार के एयरबैग खुलने से चालक की जान बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दोनों वाहनों में सवार युवकों को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना के चलते ट्रैफिक सिग्नल एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गया और चौक पर कुछ समय तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई। घटना की सूचना मिलते ही चिखली पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त डिजायर कार को क्रेन की मदद से हटाया गया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




# पीडब्लूडी चलने लायक सड़क बनाये या आंदोलन के लिये रहे तैयार

राजेश मेश्राम

जोंधरा (दावा)। सात दिनों के भीतर गुंडरदेही उमरवाही मार्ग को राहगीरों के चलने लायक नहीं बनाया गया तो क्षेत्रीय ग्रामीण सहित विद्यार्थियों ने क्रमिक भूख हड़ताल एवं चक्काजाम जैसे आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय एसडीएम डोंगरगांव और जिलाधीश को दी जाएगी। विदित हो गुंडरदेही उमरवाही मार्ग में प्रतिदिन राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल होते जा रहे हैं, यह तो संयोग है कि अब तक इस मार्ग में किसी राहगीर ने अपनी जान नहीं गँवाई है, जबकि मार्ग की स्थिति ही ऐसी है कि कभी भी कोई भी अनहोनी संभव है।

### पूरे मार्ग में बन आए हैं गढ्ड़े

गुंडरदेही उमरवाही मार्ग की कुल दूरी 12 किलोमीटर है, पीडब्ल्यूडी द्वारा किसी भी तरह की इस मार्ग की मरम्मत नहीं किए जाने के कारण पूरे मार्ग में ही बड़े-बड़े गडढे हो चुके हैं, वर्तमान में उन गढ्ड़े में पानी भरा हुआ है जिससे राहगीरों को गडढों की गहराई का पता नहीं चल पाता और वह दुर्घटना के शिकार होते जा रहे हैं।

### जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा

हम जनप्रतिनिधियों का चुनाव इसलिए करते हैं कि वह क्षेत्र की समस्या को ऊपर तक पहुंच कर उसका समाधान दिलायेंगे, पर खुज्जी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग को दुरुस्त करवाने अब तक कोई जान प्रतिनिधि सामने नहीं आया और ना ही सड़क इस समस्या से किसी जनप्रतिनिधि ने कोई सरोकार ही रखा है। भले ही इस मार्ग में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में राहगीर गुजरते हैं और उक्त मार्ग कम से कम 40 ग्रामों का पहुंच मार्ग भी है, क्षेत्रीय ग्रामीणों में पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के प्रति भी सहज ही आक्रोश देखा जा रहा है। सड़क में चलती है बस जो दो जिलों को जोड़ती है-ऐसा नहीं है कि इस मार्ग में क्षेत्रीय राहगीर ही गुजरते हैं अपितु इस मार्ग में चलने वाली बसें राजनांदगांव और बालोद जिलों को जोड़ने का भी कार्य करती है बेस डोंगरगांव से होते हुए गुंडरदेही फिर उमरवाही और वहां से अन्नूटोला होते हुए बालोद जिला के रेंगाडबरी और मंगचुवा तक पहुंचाता है।



गुण्डरदेही उमरवाही मार्ग का हाल-बेहाल

### जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर

ग्राम उमरवाही की जिला मुख्यालय से कुल दूरी 50 किलोमीटर है। आप अनुमान लगा सकते हैं यदि इस मार्ग से कोई गंभीर मरीज जिसे जिला चिकित्सालय पहुंचना हो तो स्थिति क्या होगी...क्योंकि दो पहिया वाहन में ही 12 किलोमीटर को पार करने में कुल 1 घंटे का वक्त लग रहा है, हर जगह सिर्फगड्ढे ही नहीं अपितु उखड़ी गिट्टियां बोल्डर मार्ग को दहशतनुमा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

### ग्रामीणों में आक्रोश : कहा- सिर्फ आंदोलन ही विकल्प

इस मार्ग की सूरत और मूरत बदलने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण सहित हायर सेकेंडरी उमरवाही और हायर सेकेंडरी की गिदर्री के विद्यार्थियों ने पूरी तरह कमर का कस ली है, विद्यार्थियों को प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरना होता है वहीं विभिन्न विभागों में सेवारत कर्मचारियों को भी इसी मार्ग से होकर ही जाना पड़ता है। विदित हो मार्ग की भयावता इतनी है कि प्रतिदिन मार्ग से आना-जाना करने वाले कई कर्मचारियों के रीड की हड्डी तक में समस्याएं आ गई थी आ गई है। बहरहाल उमरवाही में संपन्न हुई ग्रामीणों और विद्यार्थियों की बैठक में जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के बाद क्रमिक भूख हड़ताल या चक्काजाम करने का निर्णय लिया गया है वहीं पीडब्ल्यूडी को 7 दिन की मोहलत गडढों को भरने की दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com